RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




पेज 7 भूमि ने दिया था करारा जवाब....

वर्ष : 27 | अंक : 153 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 24 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# नोएडा में मिला पहला कोरोना संक्रमित

## गाजियाबाद में भी 4 लोग हुए कोरोना पॉजिटिव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा तथा गाजियाबाद शहर में कोविड ने दस्तक दे दी है। नोएडा में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया है। यहां सेक्टर-110 में 55 वर्षीय एक महिला में कोरोना के लक्षण मिले। जिसके बाद उन्होंने जांच कराई। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसकी जानकारी सीएमओ विभाग को दी गई है। मौके पर मेडिकल टीम को भेजा

### स्वास्थ्य विभाग की अपील लोग घबराएं नहीं

गया है। लक्षण माइल्ड है ऐसे में उनको घर पर आइसोलेट किया गया है। उधर गाजियाबाद में कोविड संक्रमित 4 मरीज पाए गए हैं।

गौतमबुद्धनगर के सीएमओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि ये कोरोना का जनपद में यह पहला मामला है। ट्रैवल हिस्ट्री है या नहीं इसके बारे में जानकारी की जा रही है। साथ ही मरीज को होम आइसोलेट किया गया है। महिला के साथ एक मेड और उनका पति रहता है उनका भी सैंपल लिया गया है। मरीज को निगरानी में रखा जा रहा है। वहीं अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। सभी अस्पतालों में कोरोना से संबंधित बेड और ऑक्सीजन के पर्याप्ट स्टॉक के लिए कहा गया है। वहीं कोरोना से संबंधित एडवाइजरी भी जारी की जा रही है।

गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ब्रज विहार में 18 वर्षीय लड़की में कोविड के लक्षण पाये गये। (शेष पृष्ठ-3 पर)



### स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से करें प्रशिक्षित

एडवाइजरी के अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से कोविड-19 से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, अन्य दवाओं और वैक्सीन की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। अस्पताल में वेंटिलेटर, बाई-पैप, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीएसए आदि सभी उपकरण कार्यात्मक स्थिति में हो।

## उत्तराखंड में मिले दो कोविड के मरीज

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में स्थानीय स्तर पर अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अन्य राज्यों से आए दो लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डा. सुनीता टम्टा के अनुसार गुजरात से ऋषिकेश आई (57 वर्षीय) एक महिला में कोरोना की पुष्टि हुई है। उनका एम्स ऋषिकेश में उपचार चल रहा है। महिला को डायबिटीज सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं। इसके अलावा एम्स की एक महिला चिकित्सक हाल ही में बेंगलुरु से लौटी है। उनमें भी कोरोना की पुष्टि हुई है। महिला चिकित्सक होम आइसोलेशन में हैं।

## पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ा हूं : राहुल गांधी



राहुल गांधी का पुंछ दौरा

**जम्मू-कश्मीर ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पुंछ जिले में पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ के अपने दौरे पर लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह एक बड़ी त्रासदी थी और कई लोगों की जान चली गई। बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ईडी की रडार पर नोएडा का फार्म हाउस घोटाला

### ईडी ने प्राधिकरण से तलब की 157 फार्म हाउस की फाइलें

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में यमुना कें किनारे फार्म हाउस का घोटाला भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रडार पर आ गया है। ईडी ने 157 फार्महाउस को चिन्हित किया है। सभी फार्महाउस से संबंधित फाइलें भी प्राधिकरण से तलब की हैं। इस घोटाले में करीब 2000 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है।



बता दें कि नोएडा प्राधिकरण के सीईओ मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में फार्महाउस का घोटाला हुआ था। जिस समय फार्म हाउस घोटाला किया गया मोहिंदर सिंह ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ थे। उस समय थ्रीसी के डायरेक्टर निर्मल सिंह और पूर्व सीईओ की बेहतर गठजोड़ था। ईडी पहले ही इस मामले में काफी तथ्य सामने ला चुकी है। बताया गया कि दोनों का आपस में पारिवारिक रिश्ता भी है। फिलहाल ईडी अब फार्म हाउस आवंटन घोटाले से जुड़े दस्तावेजों और उससे जुड़े अधिकारियों से पूछताछ कर सकती है।

यमुना किनारे योजना लाकर सस्ते दामों पर फार्म हाउस आवंटित किए गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नहरे में डूबे युवक को ढूंढ रही है NDRF

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के मिलक करीमाबाद पुल के पास नहर में दोस्तों के साथ नहाने गया एक युवक पानी के तेज बहाव में डूब गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घंटों तलाश की। लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल सका। नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले को शांत कराया। एनडीआरएफ की मदद से डूबे युवक की तलाश जारी है। युवक का अभी तक कुछ पता नहीं चला है।

दस्तमपुर निवासी ब्रजेश, विमल, टीटू और निशु शाम को गांव से सटे मिलक करीमाबाद पुल के पास शुक्रवार शाम सात बजे नहर में नहाने पहुंचे थे। चारों दोस्त नहर में उतरे ही थे कि अचानक पानी का तेज बहाव तीन को बहा ले गया। इस दौरान टीटू ने साहस दिखाते हुए किसी तरह विमल और निशु को बाहर निकाल लिया, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## व्यापारी बिना डरे कार्य करें : पंकज सिंह



### विधायक ने व्यापारी नेताओं के साथ की बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय सेक्टर-115 में नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने शनिवार को व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान व्यापारियों ने विधायक के सामने व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं को रखा।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि व्यापारियों से रूबरू होने के लिए विधायक पंकज सिंह आज उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के कार्यालय में पहुँचे। श्री जैन ने बताया कि व्यापारियों को हो रही बिजली, पार्किंग, GST डिपार्टमेंट द्वारा हो रही समस्याओं से अवगत करवाया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दादरी पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़

### पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी पुलिस और बदमाशों के बीच ज्यू 3 नाले के पास मुठभेड़ हो गई। पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्ध युवकों ने रुकने के संकेत पर भागने की कोशिश की और पीछा किए जाने पर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी, जबकि दो अन्य को कॉम्बिंग कर गिरफ्तार कर लिया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने छेड़ा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ तूफानी अभियान!

### पिछले 13 दिनों में जब्त की 3801 किलो प्लास्टिक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनस्वास्थ्य विभाग के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ रखा है। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री, भंडारण व बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। अभियान की सक्रियता का आलम यह है कि पिछले 13 दिनों के दौरान प्राधिकरण की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर 3801 किलो प्लास्टिक जब्त की है। इंदु प्रकाश सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाने वाली टीम में जनस्वास्थ्य विभाग खण्ड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, निरीक्षक जगपाल सिंह आदि अधिकारी शामिल हैं।



इस टीम ने 13 मई को 35 किलो, 14 मई को 70 किलो, 15 मई को 50 किलो, 16 मई को 46 किलो, 17 मई को 50 किलो, 18 मई को 250 किलो, 19 मई को 500 किलो, 20 मई को 600 किलो, 21 मई को 1200 किलो तथा 23 मई को 1000 किलो ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अभिनेता मुकुल देव का निधन

**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉलीवुड से एक दुखद खबर सामने आ रही है। मशहूर अभिनेता मुकुल देव



का निधन हो गया है। 54 साल के मुकुल देव ने अपने करियर में कई यादगार किरदार निभाए और दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उनके अचानक निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।

मुकुल देव ने 'सन ऑफ सरदार', 'मुझसे शादी करोगी', 'कुर्बान' और 'आशिक बनाया आपने' जैसी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाई थीं। वे अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जाने जाते थे। चाहे निगेटिव रोल हो या कॉमिक टाइमिंग, उन्होंने हर किरदार में जान डाल दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## धनौरी वेटलैंड में जलकुम्भी को लेकर यीडा व वन विभाग आमने-सामने

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में धनौरी स्थित वेटलैंड एक बार फिर चर्चाओं में है। यहां पर उगने वाली जल कुंभी को निकालने को लेकर यमुना प्राधिकरण और वन विभाग आमने-सामने आ गए हैं। प्राधिकरण के खर्चे पर पिछले दो वर्षों में वन विभाग द्वारा की गई जलकुंभी की सफाई से प्राधिकरण संतुष्ट नहीं है तो उधर वन विभाग का दावा है कि उसके द्वारा किया गया काम पर्यावरण की दृष्टि से एकदम सही है। दोनों के बीच पैदा हुए इस झगड़े को सुलझाने के लिए प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और वैज्ञानिक डॉ फैयाज खुदसर को आमंत्रित किया गया है।



गौतमबुद्धनगर जनपद के दनकौर कस्बे से सात आठ किलोमीटर दूर धनौरी वेटलैंड 112.89 हेक्टेयर में फैला हुआ है। प्राकृतिक रूप से यह भूमि वर्ष भर पानी से आच्छादित रहती है। यहां भरे रहने वाले पानी में स्वाभाविक रूप से जलकुंभी जन्म लेती है और काफी बड़े भाग को ढंक लेती है। पिछले कुछ वर्षों में यहां जलकुंभी का अप्रत्याशित उत्पादन हो रहा है जिससे इस आर्द्र भूमि पर निवास करने वाले जलीय जीवों तथा प्रवासी पक्षियों के रहन-सहन में समस्या आ रही है। दो वर्ष पहले जलकुंभी को निकालने के लिए यमुना प्राधिकरण द्वारा जिला वन विभाग को नब्बे लाख रुपए भुगतान किया गया था। इस धनराशि में वन विभाग ने पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष दो बार जलकुंभी के समूल नाश की जिम्मेदारी ली थी।वन विभाग कहता है कि उसने नियमानुसार सही काम किया है। परंतु प्राधिकरण ऐसा नहीं मानता।

यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह कहते हैं कि वन विभाग ने मात्र साढ़े तीन हेक्टेयर भूमि से जलकुंभी हटाई है जिससे जलकुंभी को हटाने का लक्ष्य बहुत दूर चला गया है। वो वन विभाग पर काम में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सेक्टर-167 में पीपीपी मॉडल पर बनेगा लेक पार्क तालाब

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एनजीटी के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने अब तालाबों का निर्माण तथा सौंदर्यीकरण शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अब सेक्टर-167 में 4.4 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लेक पार्क तालाब विकसित किया जा रहा है। बटरफ्लाई थीम पर इसका निर्माण किया जाएगा।

सीईओ लोकेश एम ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीजीएम सिविल विजय रावल और संबंधित वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद रहे। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-135 और ग्राम छपरौली का निरीक्षण किया।



बता दें कि एनजीटी में एक याचिका दायर की गई थी जिसके तहत श्रेणी-बी व सी में आने वाले तालाबों के स्थान पर विकास कार्य और परिसम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। जिसके सापेक्ष एनजीटी द्वारा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## संवेदनशील इंसान

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना उद्वेलित करने वाली है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली घटना है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती आक्रामकता और संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। बताते हैं हत्या में शामिल युवक गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। इस बाबत प्रकाशित खबरों के अनुसार मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह हृदयविदारक है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख पैदा हुआ है। बहरहाल, किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारी परिवार संस्था बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रही है ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? उन्हें क्यों लगता है कि किसी लड़की को छेड़ा जाना चाहिए? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष तिरोहित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला क्रूर ढंग से गला काटना हो सकता है? दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। आम तौर पर फिल्मों में हीरो हिरोइन से छेड़खानी करता और उसे परेशान करता नजर आता था। बाद में फिल्म की पटकथा में नायिका उसी हीरो के आगे समर्पण करती नजर आती थी। फिर फिल्म की पटकथा इस छेड़खानी को प्रेम कथा और विवाह में तब्दील कर देती है। कालांतर समाज के किशोरवय और युवाओं में यह संदेश गया कि निजी जीवन में यही छेड़खानी उनकी प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। फिर बची-खुची कसर हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीन व क्रूर-कथाओं ने पूरी कर दी। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता भर दी कि समाज में इसे न्यू नॉर्मल मानने की सोच पैदा हुई। कहीं न कहीं पारिवारिक संस्था व शिक्षा व्यवस्था इस सोच को खारिज करने में चूकी है। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। कोरोना संकट के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं की अपरिहार्यता ने विद्यार्थियों को मोबाइल उपयोग की स्वच्छंदा दी। आज उन्हें प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। उन कार्यक्रमों की बाढ़ है जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बताने का खेल चल रहा है। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। शायद शीर्ष अदालत की तल्ख टिप्पणी से हमारे सत्ताधीशों की आंख खुले।

# युद्ध काल में लक्ष्मणरेखा लांघता विपक्ष

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए क्रूर आतंकी हमले की सूचना मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंच गए, प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरा बीच में ही रोक कर वापस आए, एअरपोर्ट पर ही सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की, और अगले ही दिन आतंकियों और उनके पीछे पीछे शत्रुओं को ऐसा दंड देने की घोषणा की जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके बाद सरकार के सभी अंग अपने अपने काम पर लग गए और विपक्ष सरकार का उपहास उड़ाने में। सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिन्दूर लांच हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किये गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्यवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज़ फायर हो गया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह युद्ध विराम नहीं मात्र स्थगन है, ऑपरेशन सिन्दूर जारी है। वर्तमान में भारत के सर्वदलीय सांसद समूह विश्व के अलग अलग देशों में भारत का पक्ष रखने पहुंचे हुए हैं।

विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है। ऑपरेशन सिन्दूर लांच होने से पूर्व, सीज फायर की घोषणा और फिर संसदीय दलों की सूची बनने तक राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के नेता जिस प्रकार की बयानबाजी, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं कर रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वास्तव में इन दलों द्वारा आपदकाल में एकजुट रहने की बात करना एक कोरा दिखावा मात्र है।

कांग्रेस ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी की बिना सिर की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की और उसके ऊपर गायब लिखा, सोशल मीडिया पर हुए भारी विरोध के बाद भी कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की हेड उसका बचाव करती रहीं लेकिन बाद में मजबूरन उनको वह पोस्ट हटाना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने राफेल का उपहास उड़ाया। कुछ विरोधियों ने तो दो कदम आगे बढ़कर इसे चुनावी स्टंट तक बता



**विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है।**

दिया। ये लोग लगातार प्रधानमंत्री के मीम सोशल मीडिया पर डालते रहे।

विमर्श बदलने और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इन्होने पहलगाम की घटना को हल्का करने और इस सत्य पर चूना पोतने का प्रयास किया कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर केवल हिन्दू पुरुषों को मारा। मीडिया बहसों के दौरान किसी भी विरोधी दल के प्रवक्ता ने यह नहीं कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर मारा है अपितु वह सभी लोग यही कहते रहे कि आतंकवादियों ने कुछ निर्दोष लोगों को मार दिया। साथ ही मुस्लिम परस्त विरोधी दलों के नेता लगातार ये कहने लगे कि किसी एक के आतंकवादी होने से पूरी कौम को आतंकी नहीं कह सकते जबकि उस समय यह विषय ही चर्चा करने का नहीं था।

ऑपरेशन सिंदूर स्थगन के बाद से राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के नेता व प्रवक्ता सरकार के विरोध की लक्ष्मण रेखा लांघ कर उसे राष्ट्र विरोध में बदल रहे है। राहुल गांधी, इंडी गठबंधन व उनके प्रवक्ता मीडिया के सामने जो प्रश्न कर रहे हैं वो पाकिस्तान व आतंकवादियों के लिए कवर फायर देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व उत्तर प्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोगों को ऑपरेशन सिंदूर एक छुटपुट घटना लग रही है। इन लोगों के अनुसार यह ऑपरेशन 24 घंटे में ही फुस्स हो गया। कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पाकिस्तान प्रेम तो अद्भुत ही उनका कहना है कि अपने पाकिस्तान से युद्ध चल रहा है।

राहुल गांधी व इंडी गठबंधन ने आज तक ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा नहीं की है अपितु वह पूछ रहे हैं कि इस ऑपरेशन में हमने कितने पायलट खो दिये हैं, हमारे कितने विमान नष्ट हुए। कांग्रेस प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर ऑपरेशन सिंदूर को सौदा बता रहे हैं। विपक्ष उसी तरह से बौखलाया दिख रहा है जिस तरह से पाकिस्तान।

अब जबकि अभी ऑपरेशन सिंदूर का एक छोटा सा चक्र ही पूरा हुआ है राहुल गांधी और अन्य विपक्ष विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर उनके पीछे पड़ गया है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा हैं, सुनियोजित तरीके से सीजफायर के मामले पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का झूठ फैला रहा है। जब अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर हमला किया था तब अमेरिका ने भी पाकिस्तान को पूर्व में ही सूचित कर दिया था यह एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का अहम हिस्सा है और भारत ने भी उसी नियम का पालन किया है किंतु पता नही क्यों राहुल गांधी को इस पर भी राजनीति करनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेश मामलों के विशेषज्ञ हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता उनको मुखबिर कह रहे हैं।

राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी उरी से लेकर पुलवामा और पहलगाम तक हर घटना पर संदेह व्यक्त किया है और कभी भी पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नहीं बोली। इतना ही नहीं इन्होने पुलवामा के बाद हुई एयर स्ट्राइक का सबूत भी माँगा। वर्तमान कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में जा चुकी है। आज वो लोग सरकार व सेना पर सवाल उठा रहे हैं जिनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के कारण आज आतंकवाद व आतंकवादी नासूर बन गये हैं। वो लोग सवाल उठा रहे हैं जिनके रहते कश्मीर घाटी में हिन्दुओं के साथ 1980- 90 के दशकों में खून की होली खेली गई और कश्मीर घाटी हिन्दुओं से विहीन कर दी गई। इन सभी दलों को 2004से 2014 तक का काला दौर याद रखना चाहिए जब देश का कोई भी कोना आतंकवादी हमलों से नहीं बच पा रहा था किंतु आज स्थित एकदम उलट गई है। कांग्रेस के मूर्धन्य लोगों को यह बताना ही होगा कि इन लोगों ने मुंबई बम धमाकों के बाद क्या किया था?

राहुल गांधी की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह पाकिस्तान और चीन के लिए जासूसी कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से घायल पाकिस्तान ये जानना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर से हमें तो नुकसान हुआ किंतु क्या भारत को भी नुकसान हुआ यदि हाँ तो कितना? अब राहुल गाँधी इसी काम में लगे हैं। यदि राहुल गांधी को सेना पर भी विश्वास होता तो इन्होने डीजीएमओ की प्रेस वार्ताएं सुनी होतीं जिनमें भारतीय पक्ष को विस्तार से समझाया गया था किन्तु निजी स्वार्थ की राजनीति सेकरने वाले इन लोगों को मुस्लिम वोट बैंक के आगे कुछ और दिखाई नहीं देता। राहुल गांधी भारत में विपक्ष के नेता हैं और वह जो भी बोलते हैं उसे पाकिस्तान में अवश्य सुना जाता है।

राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी इनती विचार शून्य हो चुकी है कि इसने भारत सरकार का पक्ष उचित रूप से रखने पर अपने ही नेता शशि थरूर का अपमान करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल में शामिल किये जाने पर कांग्रेस ने अपने योग्य, विदेश मामलों के जानकार तथा अनुभवी सांसद को लेकर ही बवाल मचा दिया। इस पूरे घटनाक्रम से यह बात स्पष्ट हो गई है जल्दी ही कांग्रेस दो भागों में विभाजित दिखाई देगी जिसमें जिसमे एक गुट देशहित में सोचने वाले नेताओं का होगा और दूसरा डीप स्टेट समर्थित राहुल गाँधी परिवार का।

**- मृत्युंजय दीक्षित**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ब्राह्मण कुल से जोर जबर्दस्ती नहीं चल सकती, मैं दोनों भुजा उठाकर सत्य कहता हूँ। हे राजन! सुनो, ब्राह्मणों के शाप बिना तुम्हारा नाश किसी काल में नहीं होगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हरषेउ राउ बचन सुनि तासू। नाथ न होइ मोर अब नासू॥**
**तव प्रसाद प्रभु कृपानिधाना। मो कहुँ सर्बकाल कल्याना॥**

राजा उसके वचन सुनकर बड़ा प्रसन्न हुआ और कहने लगा- हे स्वामी! मेरा नाश अब नहीं होगा। हे कृपानिधान प्रभु! आपकी कृपा से मेरा सब समय कल्याण होगा॥

**दो0-एवमस्तु कहि कपट मुनि बोला कुटिल बहोरि।**
**मिलब हमार भुलाब निज कहहु त हमहि न खोरि॥**

एवमस्तु (ऐसा ही हो) कहकर वह कुटिल कपटी मुनि फिर बोला- (किन्तु) तुम मेरे मिलने तथा अपने राह भूल जाने की बात किसी से (कहना नहीं, यदि) कह दोगे, तो हमारा दोष नहीं॥

**तातें मैं तोहि बरजउँ राजा। कहें कथा तव परम अकाजा॥**
**छठें श्रवन यह परत कहानी। नास तुम्हार सत्य मम बानी॥**

हे राजन! मैं तुमको इसलिए मना करता हूँ कि इस प्रसंग को कहने से तुम्हारी बड़ी हानि होगी। छठे कान में यह बात पड़ते ही तुम्हारा नाश हो जाएगा, मेरा यह वचन सत्य जानना॥

**(क्रमशः... )**

## अहिल्याबाई होल्कर : आधुनिक युग में एक प्रेरणा

भारतीय इतिहास की कुछ शख्सियतें ऐसी हैं जिनके आदर्श और कार्य आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने अपने युग में थे। महारानी अहिल्याबाई होल्कर (1725-1795) ऐसी ही एक शख्सियत हैं जिन्हें लोकमाता और न्याय की देवी के रूप में जाना जाता है। 18वीं शताब्दी में मालवा साम्राज्य की शासिका के रूप में उन्होंने न केवल अपने शासन को समृद्ध और सशक्त बनाया, बल्कि समाज सुधार, धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जो आज के भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। 2025 में उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर, उनके जीवन को आधुनिक परिप्रेक्ष्य से देखें और समझें कि उनकी शिक्षाएं आज कैसे लागू हो सकती हैं।

**प्रारंभिक जीवन** : शिक्षा और समावेशिता का सबक = अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उस समय लड़कियों की शिक्षा दुर्लभ थी, लेकिन उनके पिता मानकोजी शिंदे ने उन्हें पढना-लिखना और शास्त्रों का ज्ञान दिया। यह आज के संदर्भ में शिक्षा के महत्व और लैंगिक समानता की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण है। आज, जब भारत में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चल रहे हैं, अहिल्याबाई का बचपन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो। उनके जीवन की एक कहानी, जिसमें मल्हारराव होल्कर ने उनकी भक्ति और बुद्धिमत्ता देखकर उन्हें अपने पुत्र खंडेराव की दुल्हन चुना, यह दर्शाती है कि प्रतिभा और चरित्र किसी की सामाजिक स्थिति से बड़े होते हैं। आज के स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी युग में, जहां प्रतिभा को पहचान मिल रही है, अहिल्याबाई की कहानी हमें सिखाती है कि अवसर देने से समाज में बदलाव आ सकता है।

**व्यक्तिगत दुख और नेतृत्व** : संकट में दृढ़ता = अहिल्याबाई का जीवन व्यक्तिगत त्रासदियों से भरा था। उनके पति खंडेराव की 1754 में, ससुर मल्हारराव की 1766 में, और पुत्र मालेराव की 1767 में मृत्यु ने उन्हें गहरे दुख में डुबोया। फिर भी उन्होंने इन दुखों को अपनी ताकत बनाया। 1767 में, जब मालवा साम्राज्य में उत्तराधिकारी का संकट था, और कई सामंतों ने एक महिला के शासन का विरोध किया, तब अहिल्याबाई ने अपनी प्रशासनिक और सैन्य कुशलता से सबको चुप कर दिया। आज के समय में, जब लोग व्यक्तिगत और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, चाहे वह नौकरी का दबाव हो, आर्थिक संकट हो, या सामाजिक असमानताएं, अहिल्या बाई की यह दृढ़ता हमें सिखाती है कि विपत्तियों में भी नेतृत्व और हिम्मत के साथ आगे बढ़ा जा सकता है। उनकी कहानी उन महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो कॉरपोरेट बोर्डरूम से लेकर ग्रामीण पंचायतों तक नेतृत्व कर रही हैं।

**शासन और प्रशासन** : सुशासन का मॉडल = अहिल्याबाई का 30 वर्षों का शासनकाल (1767-1795) सुशासन का एक आदर्श उदाहरण है। उनकी प्रजा केंद्रित नीतियां, जैसे प्रतिदिन जन-सुनवाई करना और गरीब से गरीब व्यक्ति की शिकायत सुनना, आज के लोकतंत्र के लिए एक सबक हैं। उनकी निष्पक्षता और पारदर्शिता ने उन्हें न्याय की देवी बनाया। आज जब भ्रष्टाचार और नौकरशाही की शिकायतें आम हैं, अहिल्याबाई का शासन हमें याद दिलाता है कि नेतृत्व में ईमानदारी और जवाबदेही कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार और उद्योग को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से महेश्वर में हथकरघा उद्योग की स्थापना की, जो आज भी महेश्वरी साड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यह आज के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विचारों से मेल खाता है। उनकी सिंचाई परियोजनाएं, जैसे कुएं और तालाब, आज के जल संरक्षण और स्मार्ट खेती के प्रयासों से जुड़ती हैं। उनकी आर्थिक नीतियां हमें सिखाती हैं कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग और टिकाऊ विकास ही समृद्धि का आधार है।

**समाज सुधार** : समावेशी समाज की नींव = अहिल्याबाई ने 18वीं शताब्दी में विधवा उत्पीडन् और जातिगत भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने विधवाओं को सम्मानजनक जीवन दिया और महिलाओं को शिक्षा व प्रशासन में शामिल किया। यह आज के भारत में लैंगिक समानता और सामाजिक समावेश के लिए चल रहे प्रयासों, जैसे महिला आरक्षण बिल या सामाजिक न्याय के लिए नीतियों, से जुड़ता है। उनकी यह सोच कि समाज का हर वर्ग सम्मान और अवसर का हकदार है, आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

धार्मिक योगदान = संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण = अहिल्याबाई की भक्ति और धार्मिक कार्य आज के लिए भी प्रेरक हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, सोमनाथ, अयोध्या और अन्य तीर्थस्थानों पर मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं। यह भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण का प्रतीक था। आज, जब भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रहा है, अहिल्याबाई के कार्य हमें याद दिलाते हैं कि आस्था और संस्कृति समाज को जोडने् का काम करती हैं। उन्होंने नर्मदा नदी के तट पर घाट और कुएं बनवाए, जो पर्यावरण संरक्षण और तीर्थयात्रा को आसान बनाने का प्रतीक थे। आज के समय में, जब नदियों का पुनर्जनन और पर्यावरण संरक्षण बड़े मुद्दे हैं, उनके कार्य हमें प्रेरित करते हैं कि धार्मिक और सामाजिक कार्य पर्यावरण के साथ संतुलन में हो सकते हैं।

**इंदौर और महेश्वर** : स्टार्टअप और सांस्कृतिक केंद्र = अहिल्याबाई ने इंदौर और महेश्वर को आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र बनाया। आज इंदौर भारत के सबसे स्वच्छ और तेजी से विकसित हो रहे शहरों में से एक है, और महेश्वर अपनी साड़ियों और पर्यटन के लिए जाना जाता है। विरासत और आधुनिक प्रासंगिकता = 13 अगस्त 1795 को अहिल्याबाई का निधन हुआ, लेकिन उनकी विरासत आज भी जीवित है। जवाहरलाल नेहरू ने उनकी प्रशंसा में लिखा कि उनका शासनकाल समृद्धि और सुशासन का प्रतीक था। आज, जब भारत डिजिटल क्रांति, लैंगिक समानता और सांस्कृतिक पुनर्जनन की दिशा में बढ़ रहा है, अहिल्याबाई के आदर्श हमें रास्ता दिखाते हैं।

**आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा** : अहिल्याबाई होल्कर की कहानी हमें सिखाती है कि नेतृत्व, दृढ़ता और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। चाहे वह स्टार्टअप शुरू करना हो, सामाजिक बदलाव लाना हो या सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना हो, मार्ग दिखाते हैं।

## राशिफल

ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष द्वादशी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मठ मंदिर तालाब पर सफ़ाई अभियान चलाया। भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बिसरख में शिव मंदिर,ग्रेटर नोएडा वेस्ट, बिसरख मंडल में रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत बिसरख मंडल द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में सहभागिता की।



जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा इस अवसर पर मंदिर मठ देवालयों नदी घाटों में स्वच्छता, पूजा-अर्चना व श्रद्धा के साथ रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के धार्मिक आचरण, न्यायप्रिय नेतृत्व और जनसेवा को समर्पित जीवन दर्शन पर विचार को जनता तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा हैं रानी अहिल्याबाई जी का नारी सशक्तिकरण, धर्म-निष्ठा एवं लोककल्याण के प्रति समर्पण आज भी हमें समाज सेवा की प्रेरणा देता है। इस प्रकार के कार्यक्रम 31 मई 2025 तक पार्टी चलाकर जन-जन तक उनके आदर्शों को पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से बिसरख मंडल अध्यक्ष मुकेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र नागर, पूर्व जिला मंत्री वीरेन्द्र भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव, देवेंद्र त्यागी कार्यक्रम संयोजक मनोहर शुक्ला, सहसंयोजक संगीता तिवारी, कन्हैया गुप्ता, आकाश सिंह, राज किरण सिंह, अनिल प्रताप सिंह, रमन प्रकाश आदि उपस्थित रहे ।

# समर कैम्प का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बेसिक शिक्षा परिषद,उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह समर कैंप 21 मई से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा।




ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप में छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर के साथ-साथ खेल (आउटडोर व इनडोर ) नृत्य, संगीत व अन्य मनोरंजक व शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

बिसरख ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय निठारी में सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र भूषण प्रसाद ने विद्यालय का निरीक्षण किया। वर्तमान प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती शशि मिश्रा जी की उपस्थिति में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने समस्त गतिविधियों में भाग लिया। छात्रा व छात्र छात्रों की अद्भुत प्रतिभा को देखकर अधिकारी महोदय ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बीएचईएल कम्पनी पर धरना जारी




**नोएडा (चेतना मंच)।** श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली विधिक सुविधाओं की मांग करने पर गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ मैसर्स- भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर-25, सेक्टर 16 ए फिल्म सिटी नोएडा के मुख्य गेट के समक्ष सीटू के बैनर तले श्रमिकों का धरना आज 32 वें दिन भी जोर-शोर से जारी रहा।

धरना प्रदर्शन को सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर ने संबोधित किया और कहा की समस्याओं के समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र भरना हुआ आसान

**नोएडा (चेतना मंच)।** वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने जनपद के समस्त पेंशनर्स को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनर्स द्वारा वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किए जाने की व्यवस्था है, जो कि अगले 01वर्ष तक प्रभावित रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अपना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से, कोषागार में स्वयं उपस्थित होकर अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से, अपने निवास से, अपने मोबाइल से भी प्रेषित कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर द्वारा आधार फेस आई0डी0 ऐप डाउनलोड कर जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होता है, जो की बहुत ही सुविधाजनक है। इस ऐप के द्वारा अपना आधार कार्ड संख्या, मोबाइल नंबर पर ओटीपी, पेंशन भोगी का नाम, पेंशन का प्रकार सर्विस/फैमिली पेंशन, स्वीकर्ता प्राधिकारी-राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, संवितरण एजेंसी-उत्तर प्रदेश कोषागार/उपकोषागार, कोषागार एजेंसी-गौतमबुद्धनगर(7600), पी0पी0ओ0 संख्या, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड, बायोमेट्रिक इन्प्रेशन/फेस आईडी आदि जानकारी के साथ जीवन प्रमाण पत्र बना सकते हैं।

# भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान




**ज्ञानपुर (भदोही) (ब्यूरो)।** जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में विधानसभा ज्ञानपुर के अंतर्गत रामपुर घाट पर अहिल्याबाई होल्कर की जन्मतिथि व त्रिशताब्दी के अवसर पर स्वच्छता अभियान व गंगा आरती की गई। जिसके उपलक्ष्य में सभी लोग उपस्थित रहे। अहिल्याबाई होलकर एक साहसी और निर्भीक महिला रही और अपने परिश्रम का परिचय देते हुए कई क्षेत्रों में धार्मिक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया और स्थापना की। अहिल्याबाई होलकर बचपन से ही बहुत अलग प्रतिभा की धनि रही अपने जीवन में बहुत से लोगों का भला किया।

कार्यक्रम में उपस्थित दीपक मिश्रा जिला अध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक सुनील मिश्रा स्नेहालता श्रीवास्तव दिलीप गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय धीरेंद्र पांडेय अखिलेंद्र सिंह बघेल चिंटू उपस्थित रहे साथ में पूनम गुप्ता महिमा चौधरी शिवम तिवारी दीपक सिंह योगेश राय अखिलेश तिवारी संतोष सिंह भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जेवर एयरपोर्ट के पास चला बाबा का बुल्डोजर, मुक्त कराई चार अरब की जमीन

**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र से बड़ी खबर आई है। ग्रेटर नोएडा शहर के पास स्थापित हो रहे जेवर एयरपोर्ट के निकट अवैध निर्माण पर तेजी के साथ 'बाबा का बुल्डोजर' चलाया गया है। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने जेवर एयरपोर्ट के आस-पास विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर बुल्डोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया है। यीडा के अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर 4 अरब रूपये से अधिक मूल्य की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है।

आपको बता दें कि यीडा के क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। जेवर एयरपोर्ट के नाम से विख्यात इस एयरपोर्ट के कारण जेवर तथा आसपास के क्षेत्र में जमीनों के भाव आसमान छू रहे हैं। रात-दिन बढ़ रहे जमीनों के भाव का फायदा उठाकर बड़ी संख्या में जेवर एयरपोर्ट के आस-पास भू-माफिया अवैध कब्जे कर रहे हैं। इन अवैध कब्जों को लेकर यीडा के अधिकारी एक्शन मोड में हैं। इसी एक्शन के कारण यीडा के अधिकारियों की एक टीम के नेतृत्व में जेवर एयरपोर्ट के आसपास लगभग 2 दर्जन स्थानों पर एक साथ बुल्डोजर चलाये गए। बुल्डोजर चलाकर 27 हजार 1202 हेक्टेयर यानि 271202 वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। सरकारी रेट के हिसाब से इस जमीन की कीमत 4 अरब 68 करोड़ 30 हजार रूपये (4068030000 रूपये) से भी अधिक की बताई जा रही है। यीडा के ह्स्ष्ठ शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही को अवैध कब्जा हटाने की सबसे बड़ी कार्यवाही माना जा रहा है। यह पूरी कार्यवाही अलीगढ़ जिले के टप्पल, सिमरौठी, हेवलपुर तथा खैर की जमीन पर की गई।

जेवर एयरपोर्ट के आसपास बाबा का बुल्डोजर चलाकर जिस अवैध निर्माण को तोड़ा गया है। वहां भू-माफिया आकर्षक नामों से अवैध कालोनी काट रहे थे। इन अवैध कालोनियों में एयरपोर्ट सिटी, चेरी सिटी, एरो सिटी तथा जेवर सिटी जैसे नाम शामिल हैं। एयरपोर्ट सिटी तथा एरो सिटी जैसे नाम रखकर भू-माफिया भोले-भाले खरीददारों को ठगते थे।

खरीददारों को बताया जाता था कि जेवर एयरपोर्ट के आसपास जिस जमीन को खरीद रहे हैं वह सब सरकारी प्रक्रिया है। इसलिए बेहिचक होकर जमीन खरीद सकते हैं। जेवर एयरपोर्ट के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि प्राधिकरण की सख्ती के बावजूद इस क्षेत्र में भू-माफियाओं का धंधा अभी भी जारी है।

# नवीनतम नैनो उर्वरक तकनीकों को अपनाने पर जोर

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** फूलपुर पिछले दिनों इफको फूलपुर इकाई द्वारा आयोजित किसान चौपाल का उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगा है। इस चौपाल के प्रभावस्वरूप फूलपुर क्षेत्र के दो गाँव जाफरपुर एवं सौरा जलालपुर के कुल 50 किसानों ने नवीनतम उर्वरक तकनीकों को अपनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है।

इन किसानों ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी जैसे अत्याधुनिक उर्वरकों के साथ धान की खेती करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस पहल को और अधिक सशक्त बनाने हेतु इफको के मोती लाल नेहरू किसान प्रशिक्षण केंद्र, कॉर्डेट पहुँचे किसानों को एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग, फसल प्रबंधन एवं लाभकारी कृषि तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई।



धान की खेती में किसानों को सबसे पहले नैनो डीएपी (5ml/kg) से बीज शोधित करने तथा रोपाई से पहले तैयार नर्सरी के जड़ डीएपी से शोधित (5ml/per litre पानी के साथ )करने के तरीके बताए गए ।

इफको फूलपुर द्वारा यह प्रयास किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिससे न केवल उत्पादकता में वृद्धि होगी बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहेगा।

वरिष्ठ महाप्रबंधक तकनीकी संजय वैश्य ने बताया इफको फूलपुर भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती की दिशा में प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर जनसम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी, कॉर्डेट से डॉ हरिश्चंद्र, मुकेश तिवारी, राजेश सिंह उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**नोएडा में मिला.....**

कौशाम्बी के यशोदा अस्पताल में जांच के दौरान कोविड की पुष्टि हुई। वसुंधरा निवासी 71 वर्षीय पुरूष व 64 वर्षीय महिला में कोविड के लक्षण पाये गये। यह दंपत्ति 13 मई को बंगलूरू से वापस गाजियाबाद लौटा था। वैशाली निवासी 37 वर्षीय एक महिला में कोविड के लक्षण पाये गये। इनमें से 1 अस्पताल में है तथा 3 रोगी घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

**पीड़ितों के साथ....**

मैंने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अनुरोध किया है और मैं ऐसा करूंगा।

राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी अपने पुंछ दौरे के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा कि आज पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान – ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा हूं – उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर ज़रूर उठाऊंगा।

**व्यापारी बिना डरे ....**

विधायक पंकज सिंह ने कहा कि सभी समस्याओं पर जल्द कार्य किया जाएगा और बिना विलंब इन्हे सही करवाया जाएगा। विधायक ने कहा कि व्यापारी बिना डरे कार्य करें। योगी सरकार में व्यापारी सर्वोपरि है। व्यापारी के बिना अर्थव्यवस्था को चलाना संभव ही नहीं है।

प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि विधायक पंकज सिंह प्रथम बार प्रदेश कार्यालय में पहुँचे और उन्होंने उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के कार्यों की सराहना की।

प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल ने विधायक को कहा कि सभी व्यापारी सत्तारूढ़ पार्टी के साथ है आप हमारे परिवार के रक्षा के लिए व्यापारी इंश्योरेंस की व्यवस्था करवाए। व्यापारी बीमा को 10, लाख से बढ़ाकर कम से कम एक करोड़ रुपया का किया जाए।

इस मौके पर प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन प्रदेश उपाध्यक्ष परवीन गर्ग प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल प्रदेश सचिव सिवा चौहान मनीष शर्मा उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्तिसिंह क्रॉकरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश जिंदल पेंट एसोसिएशन से भारत बंसल, ललित गोयल, यश गर्ग सेक्टर 50 असोसिएशन से अमित गुप्ता मनीष गुप्ता शटरिंग असोसिएशन से रघुनाथ सिंह, एडवोकेट विकल गुप्ता धर्मेन्द्र चौहान राम किशन यादव व अन्य व्यापार मंडल के सदस्य सम्मिलित हुए।

**धनौरी वेटलैंड में .....**

लापरवाही और एक प्रकार से धोखाधड़ी का आरोप लगाते हैं। उधर जिला वन अधिकारी पी के श्रीवास्तव बताते हैं कि उनके द्वारा पिछले दो वर्षों में धनौरी वेटलैंड में आवश्यकता के अनुसार जलकुंभी की सफाई कराई गई है। हालांकि वे मानते हैं कि इस क्षेत्र में जलकुंभी का पुनरुत्पादन न्यूनतम समय में हो रहा है। प्राधिकरण और वन विभाग के बीच मची इस रार के पीछे इस संबंध में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण में चल रहे एक मुकदमे में न्यायाधिकरण द्वारा अपनाया गया सख्त रुख भी एक बड़ा कारण है। एनजीटी ने हाल ही में सुनवाई के दौरान धनौरी वेटलैंड में जलकुंभी की सफाई न किए जाने को लेकर प्राधिकरण और वन विभाग को न केवल फटकार लगाई बल्कि इस संबंध में किए जा रहे कार्यों के संबंध में रिपोर्ट भी तलब की है। एनजीटी की फटकार के असर में प्राधिकरण और वन विभाग,दोनों ने ही प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और वैज्ञानिक डॉ फैयाज खुदसर को पत्र लिखकर आमंत्रित किया है। डॉ खुदसर शीघ्र ही इस वेटलैंड का दौरा कर जलकुंभी के निस्तारण के लिए उपाय सुझाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस वेटलैंड की अधिकांश भूमि संबंधित किसानों के पास है। यमुना प्राधिकरण ने केवल 25 हेक्टेयर भूमि का ही अधिग्रहण किया है। प्राधिकरण द्वारा यहां सेक्टर 16 का के ब्लॉक विकसित करना था।यहां धनौरी,ठसराना आदि चार गांवों के किसान अपनी भूमि पर खेती करते हैं। इसमें काफी भूमि एल एम सी की भी बताई जाती है। किसान बिना अधिग्रहण अपनी भूमि पर किसी भी प्रकार के सरकारी कार्य को स्वीकार नहीं करते हैं। किसानों के विरोध के चलते भी जलकुंभी का सफाई कार्य नहीं हो पाता है।

**सेक्टर-167 में....**

उक्त क्षेत्रफल के बराबर भूमि पर तालाब वाटर बॉडी विकसित किये जाने का आदेश दिया गया है। इस क्रम में ही सेक्टर-167 में नियोजित लेक पार्क में एक तालाब विकसित किया जा रहा है। इस तालाब से प्राकृतिक और वर्षा जल संरक्षित किया जा सकेगा। तालाब के अतिरिक्त परिसर में हरित क्षेत्र, मनोरंजन स्थल इत्यादि भी विकसित किया जाएगा।

इस तालाब को पीपीपी मॉडल पर बनाया जा रहा है। इसके निर्माण में करीब 40 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसके चारो और ग्रीन बेल्ट भी विकसित की जाएगी। साथ ही इसमें क्योस्क भी लगाए जाएंगे। ये पार्क नोएडा एक्सप्रेस वे और आगरा एक्सप्रेस वे पर आने जाने वाले लोगों के अलावा नोएडा वासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र होगा।

**ओएसडी इंदु प्रकाश ....**

यह अभियान विभिन्न गांवों तथा सेक्टरों में स्थित दुकानों पर चलाया गया। इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि यह अभियान बेरोक-टोक जारी रहेगा तथा सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री, भंडारण पर पूरी तरह अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं इसका उपयोग रोकने के साथ-साथ इस दौरान लोगों को इसका उपयोग न करने के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

**ईडी की रडार पर.....**

प्राधिकरण ने दो बार 2008 और 2010 में ओपेन एंड स्कीम के तहत फार्महाउस योजना निकाली। दोनों बार में 305 आवेदन स्वीकार किए गए। इसमे से 157 आवंटियों को 18 लाख 37 हजार 340 वर्गमीटर भूखंड आवंटन किया गया।

सीएजी ने दिखाया कि 2008-09 में 22 आवंटियों को 3100 रुपए प्रतिवर्गमीटर की दर से भूखंड आवंटित किए। जबकि उस समय प्रचलित दर 15 हजार 914 रुपए थी। इसी दर से 2009-10 में भी 43 भूखंडों का आवंटन किया गया। उस दौरान प्रचलित दर 16 हजार 996 रुपए थी। 2010-11 में 83 भूखंडों का आंवटन 3500 रुपए के हिसाब से किया गया। जबकि दर 17 हजार 556 रुपए थी। ये घोटाला करीब 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का था।

**नहरे में डूबे युवक ....**

लेकिन ब्रजेश तेज बहाव में बहता चला गया।

घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए युवक की तलाश शुरू कर दी गई। देर शाम तक जब कोई सुराग नहीं मिला। उधर घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने रात आठ बजे गढ़ी-परौरी नहर के पास जेवर-खुर्जा मार्ग पर जाम लगाया।

**अभिनेता मुकुल देव का ...**

फिल्मों के अलावा मुकुल देव ने टीवी पर भी कई शोज़ किए और एक वक्त पर वह छोटे पर्दे का जाना-पहचाना चेहरा बन गए थे। अभिनय के अलावा वह एक प्रशिक्षित पायलट भी थे और उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लोग कायल थे।

मुकुल देव के निधन से इंडस्ट्री ने एक और प्रतिभाशाली कलाकार को खो दिया है। सोशल मीडिया पर फैंस और फिल्मी सितारे उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

**दादरी पुलिस व बदमाशों....**

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद करन, पुत्र देवेंद्र, निवासी ग्राम रोजा जलालपुर, थाना बिसरख (21 वर्ष), हर्ष, पुत्र देवेंद्र, निवासी समाधीपुर, थाना दादरी, (21 वर्ष), पियूष बंसल, पुत्र सुनील, निवासी ग्राम सैथली, थाना जारचा, (19 वर्ष) के रूप में हुई है। करन को पुलिस की गोली लगी है।

गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक तमंचा (.315 बोर), एक खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस (315 बोर), दो अवैध चाकू, एक लूटा हुआ मोबाइल, एक बिना नंबर प्लेट की चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

# सपा 2027 में सत्ता में आएगी : नादिर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह ने जारी अपने बयान में कहा है कि 2027 में सपा प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश एवं केंद्र सरकार से जनता पूरी तरह से ऊब गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार सपा के शासनकाल में हुए विकास कार्यों को गिनाकर वाहवाही लूटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी एवं यूथ ब्रिगेड एवं अन्य पार्टी के फ्रंटल कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई चरम सीमा पर है। लेकिन भाजपा सरकार युवाओं को गुमराह करने में लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में सब ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा में ही आपसी सिर फुटोव्वल हो रही है। चुनाव घोषित होते ही भाजपा का असली चेहरा सबके सामने आ जाएगा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- **ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2025-50 कार्य का नामः** तुलसीपुर एवं बढ़नीः- बदलाव के आधार पर पम्प हाउस एवं पाइप लाइन के साथ 01 नग गहरे ट्यूब वेल का प्रावधान। **अनुमानित लागत (₹) :** 1,01,85,582.45/- **अग्रिम धन (₹) :** 2,00,900.00/- **समापन अवधिः** 06 माह, **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-50** के लिये ई-निविदा दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/(इन्जी0) लखनऊ

मुजाधि/डबलू-79

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

खास खबर

### डॉलर के मुकाबले 85.30 पर बंद रुपया

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 85.30 पर बंद हुआ। इसके बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.95 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 86.10 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को 36 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.95 पर बंद हुआ था।

### कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड के नियमों में होंगे बदलाव

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड यूजर्स के लिए महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की गई है। ये बदलाव अगले महीने से लागू होंगे। क्रेडिट कार्ड यूजर्स को ऑटो-डेबिट, यूटिलिटी बिल पेमेंट और अंतरराष्ट्रीय ट्रांजैक्शन जैसी सेवाओं से जुड़ी शर्तों में कई बदलावों का सामना करना पड़ेगा। अब ऑटो-डेबिट पेमेंट में फेल होने पर 2 फीसदी या 450 रुपए तक जुमार्ना लगेगा। हर स्टेटमेंट साइकिल में सीमा से अधिक यूटिलिटी बिल भुगतान करने पर 1 फीसदी चार्ज लगेगा। अपने खर्च की सीमा पर नजर रखकर ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क से बचना होगा। इंटरनेशनल ट्रांजेक्शनों और शिक्षा से संबंधित भुगतानों पर भी नए शुल्क लागू होंगे। विवरण बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### नारियल तेल की कीमतें एक साल में 40 फीसदी तक बढ़ी

**मुंबई।** कच्चे माल, खासकर खोपरा की कीमतों में जबरदस्त तेजी की वजह से बीते एक साल में ना?रियल की कीमतों में 30 से 40 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मारिको और डाबर जैसी नामी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई हैं। मारिको, जो पैराशूट ब्रांड के नारियल तेल के लिए जानी जाती है, ने करीब 30 फीसदी तक कीमतें बढ़ाई, क्योंकि खोपरे की कीमतों में 40-50 फीसदी की उछाल आई है। कंपनी के एक प्रमुख अ?धिकारी का कहना है कि अब कीमतें स्थिर होने की उम्मीद है लेकिन किसी अप्रत्याशित घटना से फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। डाबर ने भी बीते 3-6 महीनों में नारियल तेल के दामों में लगभग 10 फीसदी तक इजाफा किया है। कंपनी के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी के मुताबिक, लागत को संतुलित करने के लिए उन्होंने वैल्यू इंजीनियरिंग और रणनीतिक मूल्य वृद्धि का सहारा लिया है। दुनियाभर में नारियल तेल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फिलीपींस के नारियल तेल की थोक कीमत रोटरडम में इस महीने 2,700 डॉलर प्रति मीट्रिक टन के पार पहुंच गई, जो 2000-2020 के औसत से करीब 200 फीसदी ज्यादा है। इसका मुख्य कारण है- दक्षिण-पूर्व एशिया में खराब मौसम, जिससे नारियल उत्पादन प्रभावित हुआ। वर्तमान में कीमतें स्थिर हैं लेकिन खराब मौसम, वैश्विक मांग या आपूर्ति संकट जैसी परिस्थितियां फिर से कीमतों को बढ़ा सकती हैं।

### हिंदुस्तान जिंक ने राजस्थान के वन विभाग के साथ एमओयू किया

**जयपुर।** जिंक का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने उदयपुर के बाघदड़ा नेचर पार्क में मगरमच्छ संरक्षण रिजर्व को विकसित करने और विस्तार देने के लिए राजस्थान के वन विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार इसके तहत पार्क के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए पांच करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य मगरमच्छों के लिए प्राकृतिक आवास को बढ़ाना, जल संरक्षण उपायों को लागू करना और स्थायी इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु आगंतुकों के बुनियादी ढांचे में सुधार करना है।

### निफ्टी मीडिया सेक्टर में बढ़ोतरी की संभावना

**नई दिल्ली।** हाल ही में निफ्टी मीडिया सेक्टर ने एक अहम रेजिस्टेंस लेवल को पार कर लिया है, विशेषज्ञों के अनुसार भविष्य में इस सेक्टर में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। निफ्टी मीडिया इंडेक्स की कीमत 1,740 तक पहुंच सकती है और बाद में 1,870 तक जा सकती है। स्टॉक नेटवर्क 18 मीडिया एक खास ब्रेकआउट पैटर्न बना रहा है, जिसे एडम और ईव पैटर्न कहा जा रहा है।

# पुलिस वाहनों में शामिल हुई 5-स्टार सेफ्टी वाली थार रॉक्स

एजेंसी

**कोहिमा।** भारत में पुलिस के पास बोलेरो, स्कॉर्पियो, या इनोवा जैसे मॉडल की गाड़िया हैं, लेकिन इस बार नागालैंड पुलिस ने कुछ नया करने का मन बनाया है। उन्होंने महिंद्रा थार रॉक्स को अपनी फ्लीट में शामिल किया है। यह एसयूवी कार अपनी सेफ्टी फीचर्स के कारण चर्चा में है। यह पहली बार है जब थार रॉक्स को किसी राज्य की पुलिस ने आधिकारिक वाहन के तौर पर इसे इस्तेमाल करना शुरू किया है। इससे यह भी साफ होता है कि पुलिस अब सिर्फ मजबूत गाड़ियों को नहीं, बल्कि सेफ और टेक्नोलॉजिकल एडवांस व्हीकल्स को भी तवज्जो दे रही है। थार रॉक्स का यह पुलिस वर्जन सफेद रंग में आया है जिसमें नीली धारियां दी गई हैं। विंडशील्ड और दरवाजों पर पुलिस लिखा है जो इसे आम मॉडल से अलग बनाता है। इसके अलावा इस मॉडल में रूफ पर स्टोर्ब लाइट्स, फेंडर गाइड्स और विंडो डिफ्लेक्टर जैसे एलिमेंट्स दिए गए हैं जो इसे पूरी तरह से पुलिस वाहन का




लुक देते हैं। महिंद्रा थार रॉक्स ने भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग हासिल की है। एडल्ट सेफ्टी में इसे अच्छे स्कोर दिए हैं। थार रॉक्स के हर वैरिएंट में 6 एयरबैग्स हैं साथ ही इसमें 3-पॉइंट सीट बेल्ट्स, और ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा एसयूवी में लेन डिपार्चर वार्निंग, लेन कीप असिस्ट, 360-डिग्री कैमरा सिस्टम, ब्लाइंड व्यू मॉनिटर, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम और ब्रेक लॉकिंग डिफरेंशियल जैसी टेक्नोलॉजी को भी शामिल किया है। महिंद्रा थार रॉम्स में दो इंजन विकल्प दिए गए हैं, जिनमें पहला 2.2 लीटर डीजल इंजन है जो 6-स्पीड मैन्युअल या ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 4गुणा4 ड्राइव ऑप्शन में आता है, जबकि दूसरा 2.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है जो 6-स्पीड मैन्युअल या ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आरडब्ल्यूडी और 4गुणा4 ड्राइव विकल्प में उपलब्ध है; इससे ग्राहकों को अपनी जरूरत और रास्तों की स्थिति के अनुसार बेहतर इंजन और ड्राइव सिस्टम चुनने की पूरी आजादी मिलती है। महिंद्रा थार रॉक्स की कीमत 15 लाख रुपए से 17 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है।

### दूध-तेल के दाम आसमान पर, दाल और सब्जियों ने दी राहत

**नई दिल्ली।** भारत में दूध और खाने के तेल के दाम आसमान छू रहे हैं। जून 2021 से अब तक दूध के भाव में 13 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। दूध के अलावा दही, पनीर, छाछ जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स भी महंगे हो रहे हैं। वहीं, खाने के तेल के दाम भी सितंबर 2023 से लगातार चढ़ रहे हैं। इनकी कीमतों में 10 से 20 रुपये प्रति लीटर तक की तेजी आई है। हालांकि, दालों, फलों और सब्जियों के दामों में ज्यादा उछाल नहीं आया है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। आरबीआई के मुताबिक औसत महंगाई काबू में है।

## रिलायंस, एचडीएफसी व कंज्यूमर शेयरों के बदौलत दौड़ा बाजार




एजेंसी

**मुंबई।** एशियाई बाजारों से मजबूत संकेत के बाद भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 और सेंसेक्स शुक्रवार को करीब 1 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। रिलायंस, एचडीएफसी और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कंज्यूमर शेयरों में बढ़त से बाजार को बूस्ट मिला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ 80,897 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान 81,905.17 अंक तक चढ़ गया था। अंत में यह 769.09 अंक चढ़कर 81,721.08 पर बंद हुआ। सन फार्मा को छोड़ सेंसेक्स की सभी 29 कंपनियां हरे निशान में रही। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 24,639.50 अंक के लेवल पर खुला। बाद में इसमें तेजी देखने को मिली। कारोबार के दौरान यह 24,909.05 अंक तक पहुंचा था। अंत में यह 243.45 अंक की मजबूती के साथ 24,853.15 पर बंद हुआ। ब्रोडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स क्रमशः 0.64 प्रतिशत और 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं निफ्टी एफएमसीजी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स ने दूसरों से बेहतर प्रदर्शन किया। ये क्रमशः 1.63 प्रतिशत और 1.08 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, पीएसयू बैंक, तेल और गैस और रियल्टी भी बढ़त में रहे। इसमें 0.95 प्रतिशत तक की तेजी आई। शेयर बाजार के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को सन फार्मा (1.84 प्रतिशत की गिरावट) को छोड़कर सेंसेक्स के अन्य सभी 29 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। इसमें इटरनल, पावर ग्रिड, आईटीसी, बजाज फिनसर्व और नेस्ले इंडिया के शेयरों में 3.51 प्रतिशत से 1.83 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। एशियाई बाजार शुक्रवार को ऊंचे स्तर पर खुले। निवेशकों ने क्षेत्रभर से आए आर्थिक आंकड़ों की समीक्षा की।

## विश्व मधुमक्खी दिवस पर स्वीट क्रांति उत्सव का आयोजन

एजेंसी

**मुंबई।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने मंगलवार को इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस-2025 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष का आयोजन थीम झ ?प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक? पर आधारित था, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण ?श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति? के अभियान को सशक्त करता है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, छात्रों, और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को



साझा किया गया। यह आयोजन न केवल एक तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की सजीव मिसाल बना। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रूप राशि की उपस्थिति में किया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा, मधुमक्खियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल शहद देती हैं, बल्कि परागण के जरिए हमारी खेती को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण का संरक्षण करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया हनी मिशनआज गांवों की आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने जब स्वीट क्रांति का आह्वान किया, तब उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया; जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि का, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का भी स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो कार्य किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। अध्यक्ष केवीआईसी ने विशेष रूप से केवीआईसी के हनी मिशन की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा अब तक देशभर में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां वितरित की गई हैं, जिससे लगभग 20,000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ है। इससे मधुमक्खी पालकों को लगभग 325 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में हनी मिशन से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का शहद विदेश में निर्यात किया है। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ रूप राशि ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ?हनी मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह एक समग्र आजीविका मॉडल है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों युवाओं, महिलाओं और किसानों को इस मिशन से रोजगार मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केवीआईसी द्वारा संचालित हनी प्रोसेसिंग प्लांट्स, प्रशिक्षण केंद्र और मार्केटिंग नेटवर्क ने मधुमक्खी पालन को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया है।

## भारत अगले दशक की तेल मांग में चीन को पछाड़ देगा: मूडीज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले दशक में वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को गति देने का काम भले ही चीन ने किया था, लेकिन अब यह भारत का बाजार है। रेटिंग एजेंसी मूडीज की रिपोर्ट के अनुसार अगले दशक में भारत में तेल की मांग चीन से अधिक बढ़ेगी। चीन की सुस्त आर्थिक वृद्धि के बीच भारत में नए ऊर्जा वाहनों की मांग तेजी से बढ़ने के साथ-साथ घरेलू उत्पादन में भी वृद्धि की उम्मीद है। डीज ने दोनों देशों की तेल और गैस आयात पर निर्भरता को देखते हुए भारतीय कंपनियों के निवेश के लिए चुनौतियों की चेतावनी भी दी है। चीन की तुलना में भारतीय कंपनियों को पुराने तेल कुओं और धीमे निवेश से जूझना पड़ सकता है। इसके बावजूद, भारतीय तेल कंपनियां उत्पादन वृद्धि में अपने चीनी समकक्षों को पीछे छोड़ सकती हैं। कच्चे तेल की खपत में भारत में 3-5 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की आशा है, जो देश की तेल आयात पर निर्भरता कम कर सकती है। इसके साथ ही भारतीय कंपनियां भी हरित प्रौद्योगिकियों और निवेश में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। भविष्य में, भारतीय तेल कंपनियों का उद्देश्य अपने घरेलू उत्पादन को बढ़ाना और विदेशी आयात की निर्भरता कम करना है।

## शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा

एजेंसी

**मुंबई।** गुरुवार की गिरावट के बाद शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार ने फिर से तेजी पकड़ ली है. शुरूआती दबाव के बाद बाजार ने मजबूती से वापसी की और सेंसेक्स-निफ्टी दोनों हरे निशान पर ट्रेड करते नजर आए. सुबह 11 बजे तक सेंसेक्स 900 अंकों की छलांग लगाकर 81,905.17 के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया. हालांकि बाद में मामूली गिरावट के साथ यह एक बजकर 30 मिनट तक 820 अंकों की तेजी के साथ 81,772.95 पर कारोबार करता दिखा. वहीं, निफ्टी में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला और यह 264।60 अंकों की तेजी के साथ 24,874।30 पर पहुंच गया। गुरुवार, 22 मई को बीएसई सेंसेक्स का मार्केट कैप 4,26,62,088 करोड़ था, जो शुक्रवार को बढ़कर



4,29,62,088 करोड़ पहुंच गया। इस तरह गुरुवार के मुकाबले तीन लाख करोड़ अधिक है। यानी बाजार में आयी तेजी से निवेशकों ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है। 30 में से 28 कंपनियों में तेजी, शेयरों ने किया कमाल शुक्रवार के कारोबार बाजार में 30 शेयरों वाले सेंसेक्स के 27 शेयर हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। जबकि तीन शेयर लाल निशान पर नजर आ रहे हैं। इटर्नल के शेयरों में आज सबसे अधिक 4।45 फीसदी की तेजी देखी जा रही है। वहीं सनफार्मा के शेयरों में सबसे अधिक 2।74 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है। टॉप गेनर्स : इटर्नल आईटीसी पावर ग्रिड बजाज फिनसर्व अडानी पोर्ट्स टॉप लूजर्स : सनफार्मा महिंद्रा एंड महिंद्रा मारुति सुजुकी ये शेयर भी तेजी के साथ कर रहे कारोबार आज के कारोबार में एक्सिस बैंक, नेस्ले, इंफोसिस, लार्सन, कोटक महिंद्रास बजाज फाइनेंस, टाइटन, टेक महिंद्रास रिलायंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, एसबीआईस एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। विदेशी बिकवाली के बीच घरेलू निवेशकों ने बढ़ाया भरोसा हाल के कारोबारी सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से भारी बिकवाली हुई है । सिर्फ गुरुवार को ने 5,000 करोड़ रुपये की निकासी की।

## भारत में बढ़ाई बाइक बनाने की क्षमता

एजेंसी

**रांची।** एचएमएसआई जो भारत में होंडा की मोटरसाइकिल उत्पादन और बिक्री से जुड़ी सहायक कंपनी है, ने अपने चौथे संयंत्र विठलापुर, गुजरात में चौथी प्रोडक्शन लाइन स्थापित करने की घोषणा की है। यह नई लाइन वर्ष 2027 से चालू होगी और इसकी वार्षिक उत?पादन क्षमता 6.5 लाख यूनिट होगी। इसके साथ ही संयंत्र की कुल क्षमता बढ़कर 26.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी, जिससे यह संयंत्र होंडा का विश्व में सबसे बड़ा मोटरसाइकिल असेंबली प्लांट बन जाएगा। कंपनी प्रेसिडेंट एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, भारत, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा मोटरसाइकिल बाजार है, वहां होंडा लगातार निवेश कर रहा है और उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रहा है ताकि अपने ग्राहकों को खुशियाँ दे सके। पिछले 25 वर्षों में अपार समर्थन के साथ एचएमएसआई ने 7 करोड़ यूनिट के कुल उत्पादन का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। साथ ही, हम भारत में अपने मोटरसाइकिल कारोबार को और भी मजबूत करेंगे।



## निसान ने लॉन्च की हैचबैक कार मिक्रा, एसयूवी लुक में किया डिजाइन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** निसान ने अपनी मशहूर हैचबैक कार मिक्रा को पहली बार पूरी तरह इलेक्ट्रिक अवतार में पेश किया है। 40 सालों में यह पहली बार है जब मिक्रा को इलेक्ट्रिक पावरट्रेन के साथ लॉन्च किया गया है, जो ब्रांड के लिए एक नए युग की शुरूआत है। इस नई इलेक्ट्रिक मिक्रा को यूरोपीय बाजार में 2025 के अंत तक लॉन्च किया जाएगा। एसयूवी-प्रेरित इस मॉडल का डिजाइन निसान डिजाइन यूरोपे ने तैयार किया है, जिसमें क्लीन लाइन्स, दमदार रोड प्रेजेंस और टू-टोन रूफ जैसे आकर्षक फीचर्स शामिल किए गए हैं। इसमें 18-इंच व्हील्स, वेलकम विंक्स हेडलैंप्स और एलईडी टेललाइट्स जैसे प्रीमियम डिजाइन एलिमेंट्स दिए गए हैं। इसके इंटीरियर में जापानी विरासत की झलक और आधुनिक टेक्नोलॉजी का मेल देखने को मिलता है। सेंटर कंसोल में मोन्ट फूजी की रूपरेखा उकेरी गई है। कार में 10.1 इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले और टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, तीन ट्रिम विकल्प और गूगल बेस्ड सेवाएं दी गई हैं। मिक्रा इलेक्ट्रिक दो बैटरी ऑप्शन के साथ आती है 40केडब्ल्यूएच और 52 केडब्ल्यूएच, जिनकी क्लेम्ड रेंज क्रमशः 308 किमी और 408 किमी है। इसमें फास्ट चार्जिंग, बैटरी कूलिंग और हीट पंप की सुविधा दी गई है। यह कार रेनॉट-निसान के एएमपीआर ईवी प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो लो-माउंटेड बैटरी और मल्टी-लिंक सस्पेंशन के साथ बेहतर हैंडलिंग और स्टेबिलिटी प्रदान करता है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें निसान प्रोप्लाट ऐसिस्ट, एडीएएस पैकेज और निसान कॉनिक्ट ऐप जैसे स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। इलेक्ट्रिक मिक्रा स्टाइल, परफॉर्मेंस और टेक्नोलॉजी का एक बेहतरीन मिश्रण पेश करती है। यह भारत में कब लॉन्च होगी इसकी अभी पुष्टि नहीं की गई।

### सोना 2026 तक 4,000 डॉलर का आंकड़ा छू सकता है

**नई दिल्ली।** अमेरिका की प्रमुख एक फाइनेंशियल एजेंसी ने अनुमान लगाया है कि 2026 तक सोना 4,000 डॉलर प्रति औंस के पार जा सकता है। यह अनुमान वैश्विक आर्थिक हालात, व्यापारिक तनाव और निवेशकों की सोने में बढ़ती दिलचस्पी को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है। अमेरिकी एजेंसी का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच गहराते व्यापारिक तनाव वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते टैरिफ जैसे कारणों से सोने की मांग में तेज वृद्धि हो सकती है, जिससे इसकी कीमतों में भी उछाल देखा जाएगा। एजेंसी के मुताबिक, 2025 की चौथी तिमाही तक सोने की औसत कीमत 3,675 डॉलर प्रति औंस रहने की संभावना है। यदि केंद्रीय बैंक और निवेशक वर्तमान की तरह खरीदारी जारी रखते हैं।

## भारत में हीरे के आभूषणों की खपत 2030 तक दोगुनी होगी: डी बियर्स



एजेंसी

**मुंबई।** हीरे कंपनी डी बियर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा है कि भारत में 2030 तक हीरे के आभूषणों की खपत दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हीरे के आभूषणों की मांग में दहाई अंक की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक हीरे के आभूषणों का दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। हम उसके भविष्य पर पूरा भरोसा रखते हैं। डी बियर्स की योजना है कि वे अगले कुछ महीनों में भारत में फॉरएवरमार्क के चार स्टोर खोलेंगे, जिनमें से दो दिल्ली में और दो मुंबई में स्थापित होंगे। उनका उद्देश्य है कि पांच साल के भीतर वे पूरे भारत में 100 से अधिक स्टोर खोलें। इसके साथ ही वे ऑनलाइन बाजार में भी अपने पैर जमाने का प्लान बना रहे हैं। डी बियर्स इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनकी कंपनी की योजना में बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे और मध्यम शहरों में भी स्टोर्स खोलने की योजना है। इससे उन्हें भारतीय बाजार में और भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा।

## रिलायंस ने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए रखा 75 हजार करोड़ का निवेश लक्ष्य

- 25 लाख नए रोजगार मिलेंगे
- इस वर्ष पूर्वोत्तर में 1 करोड़ लोग जियो 5जी नेटवर्क से जुड़ जाएंगे
- 350 बायोगैस संयंत्र लगाएगी रिलायंस



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने पूर्वोत्तर राज्यों में अपने निवेश को 75 हजार करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। अभी कंपनी का इन राज्यों में करीब 30 हजार करोड़ का निवेश है। यानी अगले पांच वर्षों में रिलायंस इन राज्यों में करीब 45 हजार करोड़ रुपये का नया निवेश करने जा रही है। मुकेश अंबानी दिल्ली के भारत मंडपम में चल रही ह्यराइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट में बोल रहे थे। सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी के वजह से सफल हुए ऑपरेशन सिंदूर पर मुकेश अंबानी ने प्रधानमंत्री मोदी और देश को बधाई देते हुए उन्होंने अपनी बात शुरू की। अंबानी ने बताया कि यह प्रस्तावित निवेश 25 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगा। राज्यों में 350 बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता भी मुकेश अंबानी ने जताई। जियो का जिक्र करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस जियो का 5जी नेटवर्क पूर्वोत्तर राज्यों की करीब 90 फीसदी आबादी तक पहुंच गया है। 50 लाख लोग जियो 5जी नेटवर्क से जुड़े हैं और इस वर्ष यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनसे सीधी खरीद को रिलायंस रिटेल प्रोत्साहित करेगा। प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि आपके प्रयासों से पूर्वोत्तर हाशिये से निकल कर भारत के विकास के नक्शे पर उभर आया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में रिलायंस फाउंडेशन के कामों पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि रिलायंस फाउंडेशन ने मणिपुर में 150 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल स्थापित किया है। इसके साथ ही फाउंडेशन जीनोमिक डेटा का उपयोग कर-के स्तन कैंसर की देखभाल के लिए मिजोरम विश्वविद्यालय के साथ सहयोग कर रहा है। गुवाहाटी में फाउंडेशन ने एक एडवांस म्लीक्यूलर डायग्नोस्टिक और रिसर्च प्रयोगशाला बनाई है। यह भारत में सबसे बड़ी जीनोम सीक्वेंस क्षमताओं से लैस होगी। उत्तर-पूर्व राज्यों में रिलायंस फाउंडेशन सभी आठ राज्यों के साथ मिलकर ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगा, जिनसे निकले युवा ओलंपिक में पदक विजेता बन सकेंगे।

### भारत में शुद्ध विदेशी निवेश में आई कमी

**नई दिल्ली।** भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कमी आई है, जिसकी रिपोर्ट रिजर्व बैंक के मई के बुलेटिन में जारी की गई। इसके अनुसार भारत से एफडीआई निकालकर दूसरे देशों में लगाए जाने और बाजार से ज्यादा धन निकाले जाने से वित्त वर्ष 2025 में यह 0.4 अरब डॉलर का घटाव हो गया है। इसके साथ ही पिछले वित्त वर्ष में एफडीआई की राशि 10.1 अरब डॉलर थी। वित्त वर्ष 2023 में भारत में शुद्ध एफडीआई का मात्रा 28 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक के अनुसार यह घटना परिपक्व बाजार का सुझाव देती है जहां विदेशी निवेशक आसानी से आये और जाये। इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माना जा रहा है। कुल एफडीआई का 60 प्रतिशत से ज्यादा अंश विनिर्माण, वित्तीय सेवाओं, बिजली और अन्य ऊर्जा सेवाओं में आया है।

## कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बोनस शेयर देने का किया फैसला




एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी पांचवी बार निवेशकों को बोनस शेयर देगी। कंपनी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। पीएसयू स्टॉक कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 40 प्रतिशत का फायदा होगा। इस डिविडेंड के कंपनी ने 6 जून की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। 22 मई को एक्सचेंज को कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बताया था कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले 4 शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने अभी रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। इससे पहले कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 2008 में निवेशकों को बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी को एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया गया था। दूसरी बार कंपनी ने 2013 में 2 पर एक शेयर बोनस दिया था। वहीं, तीसरी बार 2017 में और चौथी बार 2019 में बोनस शेयर दिया था। आखिरी दोनों बार कंपनी ने 4 शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर ही दिया है।

खास खबर

## रूट ने टेस्ट क्रिकेट में किए 13000 रन पूरे

नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 13000 रन बनाकर इतिहास रच दिया है। वह सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस, रिकी पोंटिंग और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों को पीछे. छोड़कर दुनिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। जो रूट ने यह कामयाबी जिम्बाब्वे के खिलाफ जारी एकमात्र टेस्ट के पहले दिन हासिल की। इंग्लैंड और जिम्बाब्वे के बीच यह टेस्ट मैच नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में खेला जा रहा है। मेजबानों ने पहले बैटिंग करते हुए मैच के पहले दिन 3 विकेट के नुकसान पर 498 रन बनाए। जो रूट 34 रन बनाकर आउट हुए। जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 13 हजार रन का आंकड़ा अपने 153वें मैच में पूरा किया। वह अब सबसे कम मैचों में 13 हजार टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के जैक कैलिस के नाम था, जिन्होंने 159 पारियों में यह कारनामा कर दिखाया था।

## आरसीबी ने सिफर्ट को किया शामिल

नई दिल्ली । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से आईपीएल प्लेऑफ मुकाबलों में इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट खेलते नजर आयेंगे। सिफर्ट को आरसीबी ने दो करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इस प्रकार दो साल बाद इस क्रिकेटर की आईपीएल में वापसी हुई है। सिफर्ट ने न्यूजीलैंड की ओर से 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाये हैं। इस क्रिकेटर ने हालांकि आईपीएल में अब तक तीन मैच खेले हैं और उसे अंतिम बार 2022 में आईपीएल खेलने का अवसर मिला था।आईपीएल की ओर से कहा गया, ह्यआरसीबी ने सिफर्ट से इसलिए करार किया है क्योंकि बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को इंग्लैंड लौटे जाएंगे। ऐसे में 24 मई से सिफर्ट को टीम का हिस्सा माना जाएगा। बेथेल अब आरसीबी के साथ अपने अंतिम मैच में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के सामने उतरेंगे। आरसीबी का अंतिम लीग मैच 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होगा। बेथेल के अलावा गुजरात टाइटंस के जोस बटलर भी प्लेऑफ नहीं खेलेंगे।

## हिमाचल क्रिकेट टीम का चयन 27 को धर्मशाला में

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 2025-26 सीजन के लिए हिमाचल की सीनियर टीम का चयन किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 27 मई को आयोजित की जाएगी। टीम का चयन वनडे और ळ20 प्रतियोगिता के लिए किया जा रहा है।एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि 27 मई को यह चयन प्रक्रिया धर्मशाला स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए किसी तरह की आयु सीमा की बंदिश नहीं है। इसके अलावा चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ अपनी किट लानी होगी। वहीं हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और दसवीं का प्रमाण पत्र भी साथ लाना होगा।

# मेराज अहमद खान और गनेमत सेखों ने शॉटगन में हासिल किया शीर्ष स्थान

एजेंसी

नई दिल्ली। ओलंपियन मेराज अहमद खान और गनेमत सेखों ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित दूसरे शॉटगन नेशनल ट्रायल्स की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया। मेराज ने फाइनल में 55 का स्कोर करते हुए पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके अनंतजीत सिंह नरूका को एक अंक से हराया, जिन्होंने 54 अंक बनाए। गनेमत ने भी एक अंक के अंतर से जीत दर्ज की, उन्होंने 53 का स्कोर किया जबकि महेश्वरी चौहान ने 52 अंक प्राप्त किए। पुरुष और महिला वर्ग में अंगद वीर सिंह बाजवा और परिनाज ढालीवाल ने



क्रमशः तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले क्वालिफिकेशन के अंतिम दो राउंड में भवतेग सिंह गिल ने 22 और 24 का स्कोर किया, जिससे उनका कुल स्कोर 73 से बढ़कर पहले स्थान के लिए पर्याप्त रहा। मेराज ने कुल 118 का स्कोर किया, जबकि स्मित सिंह (117), अंगद (116), और अनंतजीत (115) ने टॉप छह क्वालिफायर में जगह बनाई। महिला वर्ग में गनेमत ने क्वालिफिकेशन राउंड में 114 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। महेश्वरी और परिनाज ने 113-113 अंक प्राप्त किए। ओश्मी श्रीवास (108), दर्शना राठौड़ (107, एसओ-3), और मानसी रघुवंशी (107, एसओ-2) ने टॉप छह में जगह बनाई। जूनियर वर्ग के लिए अलग चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया गया था। इसी कारण ओश्मी और मानसी को उनके स्कोर के आधार पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान दिया गया। अग्रिमा कंवर ने 104 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष जूनियर वर्ग में युवान ने 110 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि यशवर्धन सिंह राजावत (108) और अंजनेय सिंह मंडावा (106) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। चयन समिति उन जूनियर खिलाड़ियों के स्कोर को भी मान्य करेगी जो सुहल, जर्मनी में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में भाग ले रहे हैं, क्योंकि चयन ट्रायल-2 और यह प्रतियोगिता एक ही समय पर आयोजित हो रही हैं। ऐसे खिलाड़ियों के स्कोर ₹शून्य₹ नहीं माने जाएंगे।

## मशहूर रेसलर जॉन सीना का आर-ट्रूथ से होगा मुकाबला



एजेंसी

नई दिल्ली। डब्ल्यूडब्ल्यूई के जाने माने रेसलर जॉन सीना जिन्हें द अंडरस्प्यूटेड चैंपियन भी कहा जाता है। जल्द ही आर-ट्रूथ से मुकाबला करेंगे। यह मुकाबला 24 मई यानी शनिवार को सैटरडे नाईट मेन में होगा। कई लोगों का सोचना है कि सीना आसानी से जीत हासिल कर लेंगे ऐसा नहीं है आर-ट्रूथ 53 साल के हैं और डब्ल्यूडब्ल्यूई में वह जॉनसीना से कम है, लेकिन, एक संभावना है कि यह मैच सीना के लिए मुश्किल होगा। अगर उनके पुराने दुश्मन रैंडी ऑर्टन वापस आते हैं तो सीना को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रैंडी ऑर्टन और जॉन सीना एक दूसरे के दुश्मन रहे हैं। करीब दो दशकों से उनकी दुश्मनी डब्ल्यूडब्ल्यूई के फैंस के लिए एक पहचान बन गई है। रुथलेस एग्रेशन के दौर में उनकी लड़ाई बहुत मशहूर थी। हाल ही में दोनों रेसलर बैकलेश में आखिरी बार एक दूसरे से भिड़े थे। इस मैच में रैंडी ऑर्टन को हार का सामना करना पड़ा था और जॉन सीना ने धोखे से जीत हासिल की थी। उसके बाद से रैंडी ऑर्टन कहीं दिखाई नहीं दिए। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि वह सैटरडे नाईट मेन इवेंट में वापस आ सकते हैं। वह सीना और ट्रूथ के मैच में दखल दे सकते हैं। ऐसा करके वह सीना को सबक सिखाना चाहते हैं। यह भी संभावना है कि जब रेफरी नीचे गिर जाए तो रैंडी ऑर्टन आकर सीना को आरकेओ मार दें। वह ट्रूथ पर भी हमला कर सकते हैं क्योंकि ट्रूथ की वजह से उन्हें बैकलेश में टाइटल नहीं मिल सका था।

## हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का 18 जून से होगा आगाज

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 (पुरुष एवं महिला वर्ग) के पहले संस्करण की तारीख और वेन्यू की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी तमिलनाडु हॉकी यूनिट करेगी और मुकाबले चेन्नई में 18 जून से 27 जून 2025 तक खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट भारतीय हॉकी में एक नई शुरूआत है, जो अनुभवी और पूर्व खिलाड़ियों के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करता है। पुरुषों और महिलाओं, दोनों वर्गों में खेले जाने वाले इस आयोजन के जरिए यह दिखाया जाएगा कि उम्र चाहे



जो भी हो, खेल के प्रति जुनून और समर्पण कभी खत्म नहीं होता। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पुरुष खिलाड़ियों की उम्र 40 वर्ष या उससे अधिक, जबकि महिला खिलाड़ियों की उम्र 35 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। दोनों कैटेगरी में भाग लेने वाली टीमों के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। खिलाड़ी अपनी-अपनी राज्य सदस्य इकाइयों के माध्यम से पंजीकरण कराकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में आयोजित होगी, जिसमें पूल का निर्धारण टीमों की अंतिम संख्या के आधार पर किया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा ने इस आयोजन को लेकर खुशी जताई और कहा, पहले हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा बनना मेरे लिए एक बेहद भावुक और रोमांचक क्षण है। हॉकी ने मुझे वो सब कुछ दिया है जो मैं आज हूं और वर्षों बाद उन्हीं साथी खिलाड़ियों के साथ मैदान में लौटना बेहद खास एहसास है। उन्होंने आगे कहा, यह टूर्नामेंट केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि विरासत, जुनून और हमारे खेल से जीवन पर्यंत जुड़ाव का उत्सव है।

## आईपीएल से करोड़पति बने वैभव

एजेंसी

नई दिल्ली । आईपीएल के इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से उतरे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी को देखकर दिग्गज गेंदबाज भी हैरान हो गये। खेल के साथ ही वैभव ने इस सत्र में काफी पैसे भी कमाये हैं। वैभव सूर्यवंशी को इस सीजन में कुल 7 मैचों में खेलने का मौका मिले। उन्हें नियमों के अनुसार एक मैच खेलने के लिए 7.5 लाख रुपये की फीस भी मिली। इस प्राकर 7 मैचों में ही उन्होंने 52.5 लाख रुपये कमा लिए। इसके अलावा वैभव ने एक



प्लेयर ऑफ द मैच, स्ट्राइकर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीत है जिसके लिए उसे एक-एक लाख रुपये मिले हैं। इस प्रकार वैभव ने तकरीबन डेड़ करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर ली है। इस प्रकार इस क्रिकेटर ने एक दिन के हिसाब से देखें तो करीब 43650 रुपये कमा लिए। वहीं उनके पूरे आईपीएल से कमाई की बात करें तो उन्हें एक रन के लिए 65,277 रुपये मिले। टीम के कोच विक्रम राठौर के अनुसार वैभव लंबी रेस के घोड़े हैं। 14 साल की उम्र में ही वह दिग्गज गेंदबाजों के सामने बड़े शॉट्स खेलते हैं।14 साल की उम्र में ही उन्होंने 35 गेंदों में आक्रामक शतक लगाया। वो आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी है। वैभव ने इस सीजन में सात मैच खेले. इस दौरान उन्होंने 36 की औसत से 252 रन बनाए। इस दौरान इस क्रिकेटर का स्ट्राइक रेट 206 का रहा।

## गुजरात-लखनऊ मैच में स्लेजिंग करना सिराज को पड़ा भारी

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिकेट के मैदान पर विरोधी खिलाड़ी पर कमेंट्स, चिढ़ाना, उकसाने, डराना कोई नई बात नहीं है, लेकिन कई बार खिलाड़ी कुछ ज्यादा ही स्लेजिंग कर देते हैं। ऐसा ही नजारा गुरुवार को आईपीएल में गुजरात टाइटंस बनाम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के मैच में देखने को मिला। गुजरात के गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक ओवर में निकोलस पूरन को उकसाते रहे। घूरते रहे। यहां तक कि अंपायर को दखल देना पड़ा, लेकिन इस स्लेजिंग का पूरन ने जवाब दिया।गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। स्लेजिंग का वाकया 16वें ओवर में पेश आया। लखनऊ के निकोलस पूरन और मिचेल मार्श बल्लेबाजी कर रहे




थे। ओवर की तीसरी गेंद पर पूरन ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर चौका लगाया। उसके बाद गुजरात टाइटंस के गेंदबाज ने बाउंसर मारी। उसकी ऊंचाई काफी ज्यादा थी और अंपायर ने वाइड करार दिया। गेंद फेंकने के बाद सिराज पूरन को घूरने लगे। उनके पास जाकर कुछ कहते दिखे। इससे बेपरवाह पूरन नॉन स्ट्राइक पर मौजूद मार्श से बातचीत के लिए बढ़े। इस दौरान अंपायर को बीच में आना पड़ा और सिराज को इशारे से हटने को कहा।

## जोश हेजलवुड वापस लौट रहे भारत

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अच्छी खबर आ रही है। प्लेऑफ मुकाबलों को लिए उसके स्टार गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत वापस लौट रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज आईपीएल प्लेऑफ मुकाबलों को लिए आने को बेताब है। आरसीबी प्लेऑफ में पहले ही पहुंच चुकी है। उसके 12 मैच में 17 अंक है और वह अंकतालिका में दूसरे नंबर पर है। भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान आईपीएल के कुछ दिन के लिए स्थगित होने से पहले के आरसीबी के आखिरी मैच में हेजलवुड नहीं खेल सके थे। इसकी वजह उनके कंधे में हुई परेशानी थी। आईपीएल के स्थगित होने के बाद वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए और वहां ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलियाई टीम की ट्रेनिंग में हिस्सा ले रहे हैं।

## इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के छठे संस्करण की घोषणा

एजेंसी

मंगलुरु। भारतीय सर्फिंग महासंघ (एसएफआई) ने शुक्रवार को इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (आईओएस) के छठे संस्करण की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता, जो नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज का दूसरा चरण है, 30 मई से 1 जून 2025 तक कर्नाटक के मंगलुरु स्थित ससिहिथलु बीच की खूबसूरत पृष्ठभूमि में आयोजित की जाएगी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब करेगा और इसका आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। इंटरनेशनल सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष सर्फर चार श्रेणियों पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर-16) लड़के और ग्रोम्स (अंडर-16)



लड़कियों में भाग लेंगे। आईओएस से पहले अप्रैल में आयोजित इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल केरल वरकला 2025 इस सीरीज का पहला चरण था। आईओएस, राष्ट्रीय चैंपियनशिप की रैंकिंग के लिए महत्वपूर्ण अंक प्रदान करता है और भारत के पूर्वी व पश्चिमी तटीय राज्यों के सर्फरों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलता है। पिछले साल भारत ने पहली बार मल्टीस्पोर्ट इवेंट (एशियन गेम्स 2026) के लिए सर्फिंग में दो कोटा स्थान प्राप्त किए थे, जो मालदीव में आयोजित एशियन सर्फ चैंपियनशिप 2024 में हासिल किए गए थे। इस वर्ष का आइओएस विशेष महत्व रखता है क्योंकि इससे एशियन सर्फ चैंपियनशिप (जो एशियन गेम्स के लिए क्वालिफायर है) के लिए रैंकिंग में सुधार का अवसर मिलेगा। भारतीय सर्फिंग महासंघ के अध्यक्ष अरुण वासु ने एक बयान में कहा, ₹हमें गर्व है कि हम इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के छठे संस्करण की घोषणा कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता पश्चिमी तट पर सबसे बड़ी सर्फिंग इवेंट बन गई है। 2024 में हमारे सर्फर्स ने एशियन गेम्स के लिए कोटा जीतकर इतिहास रच दिया, जिससे इस खेल को देश में नई पहचान मिली है। इस वर्ष की प्रतिस्पर्धा और भी अधिक रोमांचक होगी। प्रतिस्पर्धा में जिन प्रमुख सर्फर्स पर नजर रहेगी, उनमें किशोर कुमार, हरीश मुथु, कमली पी., अजीश अली, श्रीकांत डी. और संजय सेल्वमणि शामिल हैं, जिन्होंने 2024 में एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप और मरुहाबा कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

## इंग्लैंड दौरे से मोहम्मद शमी हो सकते हैं बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इंग्लैंड दौरे के लिए जल्द ही टीम इंडिया की घोषणा कर सकता है। इससे पहले एक बुरी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि फिटनेस इशू की वजह से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस टूर पर नहीं जा रहे हैं। शमी आईपीएल में लगातार गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि वह अभी लंबे स्पेल डालने में सक्षम नहीं है जिस वजह से उन्हें इस टूर से दूर रखा जा रहा है। बता दें इंग्लैंड दौरे 20 जून से शुरू होने जा रहा है, इस टूर पर टीम इंडिया को 5 मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी



है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने सूचित किया है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी लंबे स्पैल में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। आगे चलकर उनके सभी पांच टेस्ट मैच खेलने की संभावना भी कम है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जसप्रीत बुमराह पहले ही बीसीसीआई को सूचित कर चुके हैं कि उनका शरीर तीन टेस्ट मैचों से ज्यादा खेलने में सक्षम नहीं है। ऐसे में शमी का इस टूर पर ना जाना टीम इंडिया के लिए झटका माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट में बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से बताया गया है कि मोहम्मद शमी आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए चार ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन बोर्ड और चयनकर्ता नहीं जानते कि वह एक दिन में 10 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजों से लंबे स्पैल की मांग हो सकती है और हम कोई जोखिम लेना नहीं चाहते। बता दें मोहम्मद शमी ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट डब्ल्यूटीसी फाइनल के रूप में 2023 में खेला था।

## अपनी गलतियों से सीखना होगा और आगे बढ़ना होगा : पंत

एजेंसी

अहमदाबाद । लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल 2025 से प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने पर स्पष्ट स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पूरे सीजन में कई मौके गंवाए और प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। गुजरात टाइटंस पर 33 रन की जीत के बावजूद लखनऊ की टीम अंक तालिका में पीछे रह गई और अगले दौर में नहीं पहुंच सकी। मैच के बाद पंत ने कहा, हमने पूरे सीजन में अच्छा क्रिकेट खेलने की कोशिश की और कई बार उसमें सफल भी रहे। लेकिन टूर्नामेंट के ऐसे पड़ाव भी आए जब हम प्लेऑफ की रेस में मजबूत दावेदार थे, फिर भी मौके नहीं भुना सके।




ये क्रिकेट का हिस्सा है, लेकिन कड़वा अनुभव भी है। पंत ने टीम की गेंदबाजी इकाई की कमजोरियों पर भी बात की और बताया कि प्रमुख गेंदबाजों की चोटों ने उनके अभियान को प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि टीम ने सीजन की शुरूआत मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप और मयंक यादव जैसे गेंदबाजों के बिना की थी। शार्दुल ठाकुर को बीच सीजन में टीम में शामिल किया गया, जबकि आवेश और आकाश की बाद में वापसी हुई। मयंक यादव केवल दो मैच खेल सके और फिर चोटिल हो गए। पंत ने कहा, टूर्नामेंट की शुरूआत में हमारी टीम फिटनेस समस्याओं से जूझ रही थी, लेकिन हमने आपस में यह तय किया था कि हम इस पर बहाने नहीं बनाएंगे। हमारी फील्डिंग में भी कमी रही, और यह हमें कई मैचों में भारी पड़ी। उन्होंने आगे कहा, हम बहाने नहीं ढूंढ रहे हैं, हमें अपनी गलतियों से सीखना होगा।

# शीर्ष दो में पहुंचने की उम्मीदों के साथ दिल्ली से भिड़ेगी पंजाब किंग्स

एजेंसी

जयपुर। शनिवार को पंजाब किंग्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जहां पंजाब की नजरें 11 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर टिकी हैं। आखिरी बार पंजाब की टीम 2014 में लीग चरण में शीर्ष पर रही थी, हालांकि फाइनल में हारकर खिताब से चूक गई थी। 2008 से शुरू हुए आईपीएल के इतिहास में पंजाब अब तक केवल दो बार प्लेऑफ तक पहुंच पाई है, और इस बार टीम इस सूखे को खत्म कर खिताब जीतने की पूरी कोशिश में जुटी है। पंजाब की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है, खासकर तब जब उसके चार प्रमुख विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम



से दोबारा जुड़ चुके हैं। भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव के चलते आईपीएल कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था, जिसके दौरान ये विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट गए थे। लेकिन टूर्नामेंट दोबारा शुरू होने के बाद पंजाब ने इन्हें फिर से बुला लिया है और अब ये खिलाड़ी दिल्ली के खिलाफ चयन के लिए उपलब्ध होंगे। धर्मशाला में आठ मई को पंजाब और दिल्ली के बीच हुआ पिछला मुकाबला बारिश के कारण पहली पारी के बाद रद्द कर दिया गया था। अब जब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में पहुंच चुका है, तो दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम बन गया है, हालांकि दिल्ली पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर के पास यह मौका है कि वह आईपीएल प्लेऑफ में तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी के रूप में अपनी विरासत को और मजबूत करें। उन्होंने 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेऑफ में पहुंचाया था और पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब जिताया था। इस सीजन में पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्य, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं दिल्ली की टीम को मिचेल स्टार्क की वापसी के बाद झटका लगा है और उसका प्रदर्शन अस्थिर रहा है।

### दोनों टीमें इस प्रकार

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**दिल्ली कैपिटल्स** : अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।



उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र के अलाएर में 2025 तकलीमाकन रैली के चरण 2 के दौरान प्रतिस्पर्धा करते चालक मा युआन और सह-चालक तियान यू।



# सालों पहले बना था सुरंगों का जाल, जिसे बनाते-बनाते मर गए 5 हजार मज़दूर, आज भी है अनसुलझा

**वारसॉ।** सुरंगें तरक्की के लिए बनाई जाती हैं। वे कठिन भूभाग से रास्ता निकालने का जरिया हुआ करती हैं। पर पुराने जमाने में इन्हें गुप्त रूप से बच कर निकलने या फिर किसी गोपनीय जगह पर जाने के लिए बनाया जाता था। इसीलिए, सुंरगों को अक्सर रहस्यों से जोड़ा जाने लगता है। पर कुछ सुरंगों के साथ बहुत सी कहानियां जुड़ जाती हैं। पोलैंड की उल्लू पहाड़ियों में रीजे की सुरंगें कुछ ऐसी ही हैं। आज, ये सुरंगें दक्षिण-पश्चिम पोलैंड में एक पर्यटन स्थल बन चुकी हैं, लेकिन इनका असली मकसद क्या है, यह 8 दशक गुजरने के बाद आज भी रहस्य ही है।



## वो सोने की ट्रेन की कहानी

रीजे क साथ कई कहानियां जुड़ी हैं। जिनमें सबसे प्रसिद्ध है 'नाजी गोल्ड ट्रेन की कहानी. लाजानोव्स्की के अनुसार, यह कहानी एक पोलिश व्यक्ति से शुरू हुई, जिसे युद्ध के बाद जर्मनों ने एक ट्रेन के बारे में बताया था। उसमें आसपास के गांवों से लूटा गया कीमती सामान था। सोवियत सेना से बचने के लिए आखिर में ट्रेन सुरंगों में छिपा दी गई थी। यह व्यक्ति इस कहानी से इतना जुनूनी हो गया कि वह ट्रेनों में सुरंगों की सैर करता रहा, लेकिन ट्रेन कभी नहीं मिली।




## एम्बर रूम एक अनमोल खजाना

इसके अलावा एक कहानी और है, जो एम्बर रूम से जुड़ी है। इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य कहा जाता है। यह रूस का एक अनमोल खजाना था, जिसे नाजियों ने सेंट पीटर्सबर्ग के पास से लूट लिया था। कुछ का मानना है कि इसे रीजे की सुरंगों में छिपाया गया। इन दावों का कभी कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

## मजदूरों ने बहुत खतरनाक हालात में किया था काम

रीजे का निर्माण ग्रॉस-रोसेन शिविर के कैदियों, मुख्य रूप से यहूदियों, पोलैंडावसी, और युद्धबंदियों ने किया था। इन मजदूरों ने बहुत खतरनाक हालात में काम किया था, जिसके कारण बीमारी, कुपोषण, आदि से हजारों की मौत हो गई। लाजानोव्स्की का कहना है कि यह जगह ना केवल नाजी इंजीनियरिंग का नमूना है, बल्कि उन लोगों की दुखद याद भी है, जिन्होंने इसे बनाया।

रोचक खबरें



## तुर्की की वो रहस्यमयी जगह, जहां जाने वाला कभी लौटकर नहीं आया!

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को खुलेआम सपोर्ट करना तुर्किए के लिए काफी महंगा साबित हुआ है। भारत में 'बायकॉट तुर्की' अभियान तेज हो गई है, जिसका असर भी दिखने लगा है। वैसे यह इस्लामिक देश कई और कारणों से भी अक्सर चर्चा में रहा है। इन्हीं में से एक है तुर्किये के हेरापोलिस में स्थित एक प्राचीन मंदिर जिसे 'नरक का भी कहा जाता है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां जो कोई भी गया, वो लौटकर नहीं आया! कहते हैं कि इस मंदिर के संपर्क में आते ही इंसान तो क्या पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है। रहस्यमय मौतों के बाद से इसे 'प्लूटो का मंदिर' यानि 'मौत के देवता' का मंदिर कहा जाने लगा। बता दें कि ग्रीक और रोमन काल में लोग इसे यूनानी देवता की जहरीली सांस का प्रकोप मानते थे। हालांकि, आधुनिक विज्ञान ने इस रहस्य से पर्दा उठा दिया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मंदिर के नीचे से जहरीली कार्बन डाई ऑक्साइड गैस रिसकर निकलती है, जिसकी वजह से मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि गुफा के भीतर जहरीली गैसों की मात्रा 91 फीसदी है। जबकि, 10 प्रतिशक कार्बन डाई ऑक्साइड किसी भी इंसान की जान लेने के लिए काफी है।

## घर के बगीचे में प्रैक्टिस, दुनिया का सबसे ताकतवर मर्द बनने की चाह!

**लंदन।** दुनिया में खुद को ताकतवर साबित करने के लिए कुछ प्रतियोगिताओं को जीतना जरूरी होता है। इसके लिए बहुत कसरत और प्रैक्टिस करनी पड़ती है। जाहिर है, इसके लिए जिम जाना जरूरी माना जाता है। पर एक शख्स ने साबित किया है कि जिम जाना जरूरी नहीं है। यूके के सबसे ताकतवर पुरुष की प्रतियोगिता में पिछले कुछ सालों में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एंड्रयू फ्लिन ने विश्व के सबसे ताकतवर पुरुष प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। खास बात ये है कि वे नियमित जिम नहीं जाकर घर के बगीचे में ही प्रैक्टिस करते हैं। ब्रिटिश स्ट्रॉन्गमैन और पावरलिफ्टर एंड्रयू फ्लिन 2025 में विश्व के सबसे ताकतवर पुरुष प्रतियोगिता में अपनी पहली धमाकेदार शुरुआत कर रहे हैं। वे सैक्रामेंटो, कैलिफोर्निया में 15 मई से शुरू हुए इस प्रतियोगिता के क्वालिफाइंग राउंड में अपनी ताकत और जज्बे का प्रदर्शन करेंगे. उन्होंने 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा शुरू की, जब उन्होंने यूके के सबसे ताकतवर पुरुष में सातवां स्थान हासिल किया. इसके बाद, 2023 में चौथा, 2024 और 2025 में तीसरा स्थान प्राप्त कर विश्व के सबसे ताकतवर पुरुष प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। 33 वर्षीय फ्लिन को स्ट्रॉन्गमैन समुदाय में 'फ्लाइंग फ्लिन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और अनोखे प्रशिक्षण से इस मुकाम को हासिल किया है। उनका जन्म 12 अप्रैल 1992 को हुआ था. 6 फीट 2 इंच लंबे और 138-142 किलोग्राम वजन वाले फ्लिन वर्तमान में पीसहेवन में रहते हैं।





## कब और कहां हुई थी दुनिया की सबसे महंगी पार्टी? पहुंचे थे 65 देशों से मेहमान

**तेहरान।** दुनिया में कई ऐसी पार्टियां होती हैं, जिनकी चर्चा सालों तक होती रहती हैं। लेकिन, क्या आप दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के बारे में जानते हैं? नहीं तो आज हम आपको एक ऐसी पार्टी के बारे में बताएंगे, जिसके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। साथ ही इसे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहा जाता है। बताया जाता है कि इस पार्टी में 18 टन खाना बनाया था, 25,000 शराब की बोतलें लाई गई थीं और मेहमानों को लाने के लिए 100 विमानों का इस्तेमाल किया गया था।



ईरान के एक शाह ने 1971 में इस पार्टी का आयोजन किया था। माना जाता है कि यह दुनिया की सबसे महंगी पार्टी मानी जाती है। इसने ईरान की कहानी को हमेशा के लिए बदल दिया। 54 साल पहले ईरान बिल्कुल अलग था। वहां पर महिलाएं वेस्टर्न कपड़े पहनती थीं और माहौल बेहद ही मॉडर्न था। साल 1979 में देश में आई इस्लामिक क्रांति ने सबकुछ बदलकर रख दिया। इस क्रांति ने पहलवी राजवंश को खत्म कर इस्लामिक गणराज्य की शुरुआत की। इसने ईरान के नियम, संस्कृति और खासकर महिलाओं की आजादी को बहुत प्रभावित किया। साल 1941 में ईरान की बागडोर मोहम्मद रजा शाह के हाथ में आ गई। वह बेहद अमीर थे और उनका सपना ईरान को आधुनिक बनाने का था। उन्होंने वेस्टर्न तौर-तरीके अपनाए और पुराने रिवाजों जैसे हिजाब का विरोध किया। उन्होंने 1971 में पर्शियन साम्राज्य के 2,500 साल पूरे होने पर एक विशाल पार्टी का आयोजन किया, जो पर्सेपोलिस के रेगिस्तान में हुई।

# ये खास दूरबीन बदल देगी स्पेस का गेम, ढूंढ लेगी वो जगह जहां होंगे जीवन के निशान

एजेंसी : ज्यूरिख

स्विटजरलैंड की ज्यूरिख यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने अपना स्पेस मिशन लॉन्च करके जीवन की नई अवधारणाओं को समझने की कोशिश की है। इस मिशन का मकसद ये तय करना है कि ब्रह्मांड में जीवन कितना आम है, भले ही संबंधित जगह पर जीवन के कोई संकेत न मिले हों। मिशन के लिए वैज्ञानिकों ने टेलिस्कोप तैयार किया है।

जिसे लाइफ नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों के प्रस्तावित मिशन में 4 स्पेस टेलिस्कोप यानी दूरबीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। लाइफ मिशन का मकसद बायोसिग्नेचर के लिए एक्सोप्लैनेट्स के वायुमंडल की जांच करना है।

इस दौरान जीवन के रासायनिक संकेतकों जैसे ऑक्सीजन, जल वाष्प, मीथेन और अन्य मॉलिकुल्स की पड़ताल होगी।


## नलिंग इंटरफेरोमेट्री तकनीक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नलिंग इंटरफेरोमेट्री नामक तकनीक का यूज



करते हुए, वैज्ञानिकों की दूरबीनें सितारों के पास मौजूद लाइट को गायब कर देंगी, जिससे सौरमंडल की परिक्रमा करने वाले ग्रहों से आने वाले संकेतों को और आसानी से देखा जा सकेगा। हालांकि, उनती दूरबीनें उन ग्रहों की लाइव तस्वीरें नहीं बना पाएंगी, लेकिन वायुमंडल में मौजूद अणुओं की पहचान करने में अपना योगदान देंगी। लाइफ मिशन की अवधारणा की जोर-शोर से चर्चा हो रही है, हालांकि इस अवधारणा को अभी तक किसी अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा अपनाया नहीं गया है। हालांकि, ईथर ज्यूरिख के वैज्ञानिक ये जांच कर रहे हैं कि किसी सकारात्मक आइडिये के अभाव में उनका मिशन क्या कुछ नए खुलासे कर सकता है।

## बायेसियन सांख्यिकी संभाव्यता अनुमानों को परिष्कृत करने के लिए मौजूदा ज्ञान का करती है उपयोग



### मौजूद समान ग्रहों में से 10 से 20 प्रतिशत से भी कम हिस्से पर है जीवन

बायेसियन सांख्यिकीय मॉडलिंग का इस्तेमाल करते हुए, साइंटिस्ट्स की टीम ने अपने कैलकुलेश में ये भी पता लगा लिया कि जीवन की दुर्लभ जटिलताओं के बारे में कोई ठोस नतीजा निकालने के लिए उनके मिशन को पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट का सर्वेक्षण करने की जरूरत होगी। कहा जा रहा है कि अगर लाइफ ने बिना किसी बायोसिग्नेचर का पता लगाए 40 से 80 ग्रहों की पड़ताल पूरी कर ली तो आगे की स्टडी के लिए ये और नए कारगर सुझाव दे सकता है। अभी तक के रिसर्च में ये पता चला है कि आकाशगंगा में मौजूद समान ग्रहों में से 10 से 20 प्रतिशत से भी कम हिस्से पर जीवन है। अध्ययन में चुने गए सांख्यिकीय दृष्टिकोण के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है। बायेसियन सांख्यिकी संभाव्यता अनुमानों को परिष्कृत करने के लिए मौजूदा ज्ञान का उपयोग करती है, जबकि फ्रीक्वेंटिस्ट सांख्यिकी बड़े नमूनों और दोहराए गए परीक्षणों पर निर्भर करती है।



## कॉन्सेप्ट की चर्चा

टीम का मानना है कि उनके शोध में अबभी कुछ अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। बायोसिग्नेचर मौजूद हो सकते हैं लेकिन उनका पता नहीं चलता है। या कुछ ग्रहों को रहने योग्य के रूप में गलत वर्गीकृत किया जा सकता है। ये कारक डेटा की व्याख्या को प्रभावित कर सकते हैं। इस स्टडी के नतीजे 7 अप्रैल को द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित हुए थे। ईथर ज्यूरिख में पीएचडी रिसर्चर एमिली गार्विन ने कहा, भले ही लाइफ बायोसिग्नेचर का पता न लगा पाए, लेकिन उनके शुरुआती अवलोकन इस बात की ऊपरी सीमाएं निर्धारित कर सकते हैं कि आकाशगंगा में कितने ग्रह बसे हैं। ब्रह्मांड में कहां-कहां जीवन के मौजूदगी के संकेत छिपे हो सकते हैं। ये उनके अगले शोध के नतीजों से पता चल सकता है।

# ऐसे पक्षी जो बनाते हैं अनोखे घोंसले, कोई एसी की तरह ठंडा, तो कोई खूबसूरत झूले सा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आपको अगर लगता है कि इंसानों से बेहतर कोई अपने लिए घर नहीं बना सकता, तो आप गलत हैं। कुछ ऐसी सुंदर चिड़ियां भी होती हैं, जो इंजीनियर से कम नहीं होती, वे अपने लिए सुंदर और सुविधाजनक घर बना लेते हैं। बोअरबर्ड नाम के इस नीले से पक्षी की खासियत ये है कि ये अपने घोंसलों को सजाते हैं। खासतौर पर नर पक्षी मादाओं को आकर्षित करने के लिए घोंसले बेरीज, शेल्स और प्लास्टिक तक से सजाकर रखते हैं।



**बया पक्षी :** वीवरबर्ड या फिर हिंदी में बया पक्षी को अपने सुंदर घोसलों की वजह से ही जाना जाता है। ये इसे इस तरह से बुनती हैं कि ये हवा में लटकी छोटी बास्केट की तरह लगता है। नर पक्षी ही तिनके लाकर इसे गोल डोम जैसा बनाते हैं।

**टेलगाला :** टेलगाला नाम के पक्षी की खासियत ये है कि ये ऐसे घोंसले बनाते हैं, जहां तापमान भी नियंत्रित किया जा सकता है। ये इसके लिए पत्तियां और मिट्टी बदलते रहते हैं और टेम्परेचर सेट रखते हैं।

**कठफोड़वा :** अगला नाम वुडपेकर यानि कठफोड़वा का. ये अपने घोसले बनाते नहीं, बल्कि पेड़ों के अंदर खोद लेते हैं। अपनी चोंच के इस्तेमाल से ये गहरे घोंसले पेड़ के तने के अंदर बना लेते हैं, जो उनकी सुरक्षा करते हैं।

**मोंटेज़ुमा ओरोपेंडोला :** मोंटेजुमा ओरोपेंडोला नाम के पक्षी के घोंसले भी अनोखे होते हैं। ये कुछ इस तरह लगते हैं मानो पेड़ से किसी पाउच की तरह झूल रहे हैं। ये कई बार 6 फीट लंबे तक हो जाते हैं।

**केव स्विफ्टलेट :** केव स्विफ्टलेट नाम का पक्षी अपने मजबूत घोंसले के लिए जाना जाता है। ये सीधी जगहों पर भी काफी सुरक्षित तौर पर टंगे रह सकते हैं।

**फ्लैमिंगो :** बात सुंदर से फ्लैमिंगो पक्षी की, जिसके रहने की जगह कोन के शेप में होती है। वे कम पानी वाली झीलों में अपने घोंसले बनाते हैं और अपने अंडो को जरा ऊपर रखते हैं ताकि बाढ़ में वो बह न जाएं.




**मेगापोडे :** मेगापोडे नाम के पक्षी का घोंसला भी अनोखा होता है। ये किसी टीले के शेप में होता है और इसके अंदर ये अंडे देते हैं। इस तरह से अंडे पर छनकर धूप पड़ती है और वे सुरक्षित भी होते हैं।

**हॉर्न्ड कूट :** हॉर्न्ड कूट नाम के पक्षी का घोंसला भी दिलचस्प होता है। ये हाई ऑल्टीट्यूड लेक में रहने वाला पक्षी है। ये पत्थरों पर अपने घोंसले बनाता है ताकि कंफर्ट के साथ-साथ गर्मी भी मिलती रहे।

**सोशिएबल वीवर :** सोशिएबल वीवर नाम की चिड़िया का घोंसला भी सुंदर सा होता है। ये आमतौर पर तिनकों से बनता है, जो पेड़ों पर टंगा रहता है। ये छोटी-छोटी चिड़ियां होती हैं, जो ऐसे घोंसलों में सुरक्षित रहती हैं।

## मंगल ग्रह पर एक-एक कर फटेंगे ज्वालामुखी? शुरू हो गई प्रक्रिया



**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह के नीचे एक विशालकायी रहस्यमयी संरचना देखी है। ये संरचनाएं रेड प्लेनेट के अंदर एक बड़े से ज्वालामुखी वाले इलाके में दबी हुई है। यह कई किलोमीटर तक फैली है। मंगल ग्रह पर थार्सिस मोंटेस के नीचे छिपी इस संरचना ने वैज्ञानिकों को हैरान किया है। ये इलाका हमेशा से शोधकर्ताओं को आकर्षित करता है क्योंकि यहां सोलर सिस्टम का सबसे बड़ा ज्वालामुखी ओलंपस मॉन्स स्थित है।

**मेंटल से ऊपर उठ रही है संरचनाएं :** बता दें कि थार्सिस मोंटेस में तीन अन्य ज्वालामुखी भी हैं, जिसमें पैवोनिस मॉन्स, एस्क्रेअस मॉन्स और अर्सिया मॉन्स शामिल हैं, हालांकि मंगल ग्रह पर अब कोई भी एक्टिव ज्वालामुखी नहीं है। रिसर्च पेपर में बताया गया है कि ये संरचनाएं तकरीबन 1,750 किलोमीटर चौड़ी और 1,100 किलोमीटर गहराई पर स्थित हैं। इसका वजन काफी हल्का है। माना जाता है कि यह मंगल के मेंटल से ऊपर उठ रहा है। लेखकों का मानना है कि यह खोज इस संभावना की तरफ इशारा करती है कि रेड प्लेनेट के अंदर आज भी कुछ भूवैज्ञानिक गतिविधियां होती रहती हैं, जिससे सतह पर नई ज्वालामुखी संरचनाएं पैदा होती हैं। यह स्टडी 'जर्नल जेजीआरः प्लेनेट्स लास्ट ईयर' में पब्लिश है, जिसका नेतृत्व डेल्फ्ट टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के डॉक्टर बार्त रूट की ओर से किया गया.

# असली अंदाज में करते हैं नकली शादी, भारत के इस कॉलेज में निकलती है अनोखी बारात

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरू

कॉलेज लाइफ इंसान की जिंदगी का सबसे खास वक्त होता है। इस दौरान छात्र पढ़ाई-लिखाई के अलावा जिंदगी की सबसे खास दोस्ती भी बनाते हैं, जो जीवन भर उनके साथ रहती हैं।

कॉलेज में कई ऐसी अजीबोगरीब चीजें होती हैं, जिसे दुनियावाले बेवकूफी समझेंगे, मगर कॉलेज के छात्र-छात्रओं के लिए वो मौजमस्ती से भरी होती हैं। ऐसी ही एक परंपरा भारत के एक दिग्गज कॉलेज में होती है।

यहां असली अंदाज में नकली शादी करते हैं। अनोखी बारात निकलती है और सारे छात्र उसमें शामिल होते हैं। इंस्टाग्राम यूजर अभय केसरवानी आईआईटी कानपुर के छात्र हैं।



## दुल्हन आती है, तब तो सबका दिमाग चकरा जाता है

उन्होंने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक बारात निकलती नजर आ रही है। पर ये बड़ी ही अजीब किस्म की बारात है। दूल्हा ज्यादा ही उत्साहित दिख रहा है, बाराती भी उससे हंसी-मजाक कर रहे हैं। पर जब दुल्हन आती है, तब तो सबका दिमाग चकरा जाता है, क्योंकि वो एक लड़का है। दरअसल, ये कोई असली शादी का वीडियो नहीं, बल्कि आईआईटी कानपुर के आखिरी साल के छात्रों द्वारा आयोजित की जाने वाली एक शादी होती है।

## हॉल-1 की बारात

इस शादी का नाम है, हॉल-1 की बारात! आईआईटी कानपुर की ये एक प्रथा बन चुकी है। इसके तहत आखिरी साल के दो लड़के दूल्हा और दुल्हन बनते हैं। उनकी शादी का आयोजन होता है और असली रस्मों की तरह उनकी हल्दी, मेहंदी, बारात और विदाई होती है। वीडियो में उसी शादी को दिखाया गया है।




# सिद्धार्थ मल्होत्रा-तमन्ना भाटिया की वीवन की रिलीज डेट आई सामने

पौराणिक थ्रिलर फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' उर्फ वीवन की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। हाल ही में मेकर्स ने वीवन का टीजर रिलीज किया था, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट के चेहरे नहीं बल्कि उनके नाम जरूर जाहिर किए थे। वहीं आज रिलीज डेट के सामने आने से फैंस बेहद खुश हैं।

## वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की रिलीज डेट

बाला जी मोशन पिक्चर्स ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट'की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस पोस्ट के साथ पोस्टर वही पुराना है, लेकिन कैप्शन नया है। कैप्शन में लिखा- जंगल फुसफुसा रहा है। 15 मई, 2026 को बल का प्रदर्शन किया जाएगा! बड़े परदे पर रोमांच के लिए तैयार हो जाइए! आगे फिल्म की स्टार कास्ट और बाकी जानकारी देते हुए लिखा है- अभिनीत सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया। फिल्म के निर्देशक अरुणभ कुमार और दीपक मिश्रा करेंगे। यह फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित है। VVAN- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट 15 मई, 2026 को रिलीज होगी।

## फिल्म का टीजर

हाल ही में एकता कपूर की प्रोडक्शन कंपनी बाला जी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर इसका टीजर रिलीज किया था और कैप्शन में लिखा- भारतीय पौराणिक कथाओं और रहस्यवाद पर आधारित, वीवन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट इतिहास और लोककथाओं के पन्नों से सीधे एक कहानी सामने लाता है। आपका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। इस शक्तिशाली कथा के लिए – अपने आप में एक ताकत, जो पहले कभी नहीं देखी गई स्क्रीन पर कमान संभालने के लिए तैयार है। बॉलीवुड निर्माता प्रज्ञा कपूर ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। वहीं फैंस ने भी कमेंट कर फिल्म के लिए अपनी राय दी है। एक फैन ने लिखा, इसके लिए 1 साल तक इंतजार करना पड़ेगा, एक और फैन ने लिखा, बहुत उत्साहित हूं, एक और फैन ने लिखा, हमें 1 साल इंतजार करना होगा, ठीक है आपके लिए कुछ भी, एक और फैन ने लिखा, इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं इस हॉरर फिल्म का और सिद्धार्थ और तमन्ना की केमिस्ट्री का इंतजार कर रहा हूं।



# जब निर्देशक ने हुमा से कहा कम उम्र वाले किरदार करो

**अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने बॉलीवुड में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर खुलकर अपनी बात रखी है। हुमा ने चुनौतियों के बावजूद अपने करियर को अपनी शर्तों पर आगे बढ़ाने के अपने फैसले पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड में हमेशा से एक गेटकीपिंग रही है, और यह किसी एक व्यक्ति या एजेंसी से नहीं आती। यह गेटकीपिंग सामूहिक रूप है।**

## मायूस नहीं हैं हुमा

बातचीत में हुमा ने कहा बॉलीवुड में एक बाहरी और एक महिला के तौर पर मेरा करियर बहुत आसान नहीं रहा है। आज के दिन भी कई कमरे हैं, जहां तक मेरी पहुंच नहीं है। कई रोल्स हैं जो मैं निभा सकती हूं लेकिन लोग मुझे नहीं बुलाते। तो मैं क्या करती हूं? क्या मैं घर पर बैठ कर रोती हूं और ये कहती हूं कि मुझे मौका नहीं मिला? क्या मैं इसका रोना रोती हूं?

## कम उम्र का किरदार निभाने पर दबाव

हुमा कुरैशी ने एक कास्टिंग डायरेक्टर से जुड़ी घटना का जिक्र किया जिसने उन्हें बड़ी महिलाओं के किरदान निभाने से मना किया औ इसके बजाए युवा किरदार निभाने का आग्रह किया। हुमा कुरैशी ने बताया महारानी और तरला की कामयाबी के बाद, एक कास्टिंग डायरेक्टर ने मुझे फोन करके कहा आप बहुत खूबसूरत महिला हैं। आप इन किरदारों को निभाकर खुद को बूढ़ा क्यों दिखा रही हो? ऐसे बहुत से दूसरे निर्माता हैं जो आपके साथ काम करना चाहते हैं। कम उम्र के किरदार निभान की कोशिश करें। हुमा ने आगे कहा मैंने सोचा कम उम्र के किरदार निभाने का बोझ हमेशा लड़कियों पर ही क्यों पड़ता है? हमसे क्यों उम्मीद क्यों की जाती है कि हम अपनी उम्र से कम उम्र की दिखने की कोशिश करें?

## हुमा कुरैशी की लोगों को सलाह

हुमा ने आगे कहा मैंने पेड़ों के पास नाचने गाने का अपना काम किया है, लेकिन अगर कोई बढ़िया स्क्रिप्ट मेरे पास आती है, तो क्या मुझे सिर्फ इसलिए मना कर देना चाहिए क्योंकि मैं अपने से कुछ साल बड़े किसी किरदार को निभाने से डरती हूं? कुरैशी ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाएं या तो कॉस्मेटिक सर्जरी करवा सकती हैं और किरदार के लिए इंतजार कर सकती हैं या अच्छी स्क्रिप्ट पेश करने वाले फिल्म निर्माताओं के साथ सक्रिय रुप से सहयोग का विकल्प चुन सकती हैं।

# स्पेशल ऑप्स 2 में फिर हिम्मत सिंह का रोल प्ले करेंगे केके मेनन



नी रज पांडे की पॉपुलर स्पाई सीरीज स्पेशल ऑप्स का दूसरा सीजन वापसी करने वाला है। इस सीरीज का टीजर रिलीज किया गया। केके मेनन एक बार फिर से हिम्मत सिंह का रोल इस सीरीज में निभाएंगे। हिम्मत सिंह की टीम में भी पुराने लोग ही नजर आएंगे, जो इंटरनेशनल लेवल पर फैल चुके आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे। इस बार सीरीज में प्रकाश राज की एंट्री भी हुई। उन्हें टीजर में देखकर विलेन वाली फीलिंग आती है। लेकिन अभी स्पष्ट नहीं है कि उनका किरदार किस तरह का होगा। दर्शक इस बार इस सीरीज को जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। स्पेशल ऑप्स 2 की रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई लेकिन जल्द ही मेकर्स इसकी जानकारी भी देंगे।



# शादी के बाद भी साथ नहीं रहते सुरभि ज्योति और सुमित सूरी? एक्ट्रेस ने बताई वजह

टीवी की दुनिया की जानी मानी अभिनेत्री सुरभि ज्योति ने हाल ही में अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर एक खुलासा किया है। पिछले साल ही दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। अभिनेत्री ने बताया कि दोनों पति-पत्नी घर में अभिनेत्री सुरभि ज्योति न इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्हें और उनके पति सुमित को वर्क फाम होम करना पड़ता है, इसलिए वो अलग-अलग कमरे में रहते हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'सुमित घर से काम करता है और मैं भी घर से ही काम करती हूं, जब मेरी शूटिंग नहीं होती है। हमें बाहर जाने का कोई शौक नहीं है, हम घर पर रहकर बहुत खुश हैं। हमारे घर में, हमारे पास पसंद के अलग-अलग कमरे हैं।'

## क्यों रहते हैं दोनों अलग?

सुरभि ज्योति ने आगे बात करते हुए बताया कि वह दोनों क्यों अलग रहते हैं। उन्होंने कहा, 'ये इसलिए है क्योंकि सुमित अपनी जिंदगी में ज्यादातर समय पर अकेला ही रहा है। मेरे साथ भी ऐसा ही है, यह हम दोनों का आपसी फैसला था। यह तोड़ा अजीब है, लेकिन ऐसा होता है।' साथ ही उन्होंने बताया, 'मेरी अपनी अलमारी, अपना वार्डरोब, अपना बाथरूम और मेरी अपनी जगह है। कभी-कभी वह अपने कमरे में होता है, तो कभी मैं अपने कमरे में। फिर भी, हम साथ हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हम एक ही सोच रखते थे। मैं यह नहीं कह रही हूं कि यह एकमात्र तरीका है जिससे आप एक-दूसरे को स्पेस दे सकते हैं, लेकिन हां। हम ऐसा ही कर रहे हैं।



# 'द रॉयल्स' में ट्रोल हुईं भूमि ने दिया था करारा जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपने नए शो 'द रॉयल्स' को लेकर चर्चा में हैं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस वेब सीरीज को दर्शकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली है और अब सोशल मीडिया पर इस शो को लेकर तरह-तरह की टिप्पणियां की जा रही हैं। भूमि इन दिनों अपने लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में हैं। खासकर भूमि की लिप्स को लेकर लोग जमकर ट्रोल कर रहे हैं। अब इस पर अभिनेत्री ने जवाब दिया है।

## भूमि के होंठों पर यूजर्स ने किया कमेंट

शो 'द रॉयल्स' में भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की जोड़ी को लेकर यूजर्स का कहना है कि दोनों के बीच केमिस्ट्री की कमी है और स्क्रीनप्ले काफी कमजोर और सतही है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने यहां तक लिख दिया, 'भूमि के होंठ इस शो में उनसे ज्यादा एक्टिंग कर रहे हैं।' वहीं एक दूसरे ने तंज कसते हुए कहा, 'लगता है उनके होंठों की स्क्रीन प्रेजेंस भूमि से भी ज्यादा है।'

## भूमि का पुराना इंटरव्यू हो रहा वायरल

इस बढ़ते विवाद के बीच भूमि का रेडिट पर एक पुराना वीडियो फिर से वायरल हो गया है। यह वीडियो साल 2017 के एक इंटरव्यू का है, जहां भूमि के साथ राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने लुक्स को लेकर होने वाली आलोचना पर खुलकर बात की थी।

## भूमि ने ट्रोल्स को दिया था करारा जवाब

भूमि ने इस इंटरव्यू में कहा था, 'एक बार किसी ने मुझे कहा था कि मेरे होंठ बहुत बड़े हैं। मैंने कहा, इसमें दिक्कत क्या है? लोग लाखों रुपए खर्च करते हैं ऐसे लुक्स पाने के लिए।' उन्होंने इसके साथ ही यह भी जोड़ा कि लोग कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन हमें खुद को लेकर कॉन्फिडेंट रहना चाहिए। इसी इंटरव्यू में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना ने भी शेयर किया था कि करियर की शुरुआत में उन्हें भी लुक्स को लेकर लोगों की काफी बातें सुननी पड़ी थीं।

## नेटफ्लिक्स के शो 'द रॉयल्स' के बारे में

नेटफ्लिक्स पर 9 मई को रिलीज हुई 'द रॉयल्स' सीरीज में ईशान-भूमि के अलावा जीनत अमान, नोरा फतेही, चंकी पांडे, साक्षी तंवर, डिनो मोरिया और मिलिंद सोमन जैसे बड़े कलाकार भी देखने को मिल रहे हैं।



# बाबिल खान ने करियर से लिया ब्रेक

कुछ समय पहले ही बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वो रोते-बिलखते फिल्म इंडस्ट्री को अपशब्द कह रहे थे। इसके कुछ देर बाद बाबिल की टीम ने सफाई दी थी कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया है। इस पर फिल्ममेकर साई राजेश भड़क गए। उन्होंने बाबिल को फटकार लगाई, तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। अब विवादों के बीच बाबिल ने अनाउंस कर दिया है कि वो फिल्मों से ब्रेक ले रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने साई राजेश की फिल्म भी छोड़ दी है। बाबिल खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म से हटने पर कहा है, काफी हिम्मत, जुनून और आपसी सम्मान के साथ मैंने और साई राजेश सर ने इस जादुई यात्रा में कदम रखा था। दुर्भाग्य से अलग तरह की स्थिति पैदा होने के चलते चीजें वैसी नहीं हुईं, जैसा सभी ने प्लान किया था। क्योंकि मैं कुछ समय का ब्रेक ले रहा हूं, इसलिए मैं साई राजेश सर और उनकी टीम को इस सफर के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं जानता हूं कि हमारे बीच बहुत प्यार है और हम भविष्य में जल्द ही मिलेंगे और मैजिक क्रिएट करेंगे। वहीं दूसरी तरफ साई राजेश ने भी बाबिल के फिल्म से हटने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है। उन्होंने लिखा है, मैं जितने भी एक्टर्स से मिला हूं, बाबिल उनमें से सबसे हार्डवर्किंग और टैलेंटेड एक्टर हैं, लेकिन मुझे रियलिटी की ये दुर्भाग्य बात को अपनाना ही होगा। फिल्म की तैयारी के दौरान बाबिल के साथ समय बिताने का मौका मिला, इतने टेलेंटेंड एक्टर के साथ काम करके बहुत खुश था। मैं हमेशा उन्हें अपने सामने परफॉर्म करते हुए देखने के एक्सपीरियंस को संजो कर रखूंगा। मुझे अपने हीरो की याद आएगी। मैं खुद की देखभाल करने के लिए उनके फैसले का सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं और ढेर सारा प्यार भेजता हूं। मुझे पता है कि हम दोनों मिलकर वो जादू जरूर बनाएंगे।

## सरेआम हुई थी बाबिल-साई राजेश की बहस

दरअसल कुछ समय पहले ही बाबिल का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वो बुरी तरह रोते हुए फिल्म इंडस्ट्री के लिए अपशब्द कह रहे थे। इसके बाद उनकी टीम की तरफ से स्टेटमेंट जारी कर बताया गया था कि बाबिल तारीफ कर रहे थे, लेकिन उनके शब्दों को गलत तरह लिया जा रहा है। इस स्टेटमेंट के बाद साई राजेश ने एक पोस्ट शेयर कर लिखा, क्या आपको लगता है कि हम इतने भोले हैं कि चुपचाप निकल जाएंगे। हमारे साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि जिन लोगों के नाम आपने वीडियो में लिए हैं, वहीं बस इज्जत के हकदार हैं और बाकी हम सब मूर्ख हैं, जो आपके बुरे समय में आपके साथ खड़े रहे। सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्होंने आपके लिए पोस्ट की, इसलिए आप उन्हें वैल्यू दे रहे हैं और बाकी सबको इग्नोर कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो हम भी माफी के हकदार हैं। फिल्ममेकर के बयान पर बाबिल ने कमेंट कर लिखा, इस बात का जिक्र नहीं करना चाहिए कि मैंने अपनी आत्मा को कितना दर्द और पीड़ा में डाला, गंदगी में जीया, सिर्फ ये सुनिश्चित करने के लिए कि सर साई राजेश किरदार से खुश हैं। लेकिन अब ठीक है। अब मेरा काम बात करेगा। अलविदा। मेरी दाढ़ी में कीड़े थे, क्योंकि आपको वो किरदार ऐसा ही चाहिए थे। मैंने खुद आंसू लेकर उन्हें खुशी दी। मैंने उनके लिए कलाई तक काट ली।

## वायरल हुआ बाबिल का वीडियो, बॉलीवुड को कहे अपशद

कुछ समय पहले बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री के लिए अपशब्द कहे। उन्होंने कहा, बॉलीवुड बहुत रूड है। बॉलीवुड सबसे सबसे ज्यादा फेक है। सबसे फेक इंडस्ट्री जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। यहां कुछ लोग हैं जो बॉलीवुड को बेहतर बनाना चाहते हैं। मैं आपको बहुत कुछ दिखाना चाहता हूं। बहुत कुछ। मेरे पास आपको देने के लिए बहुत कुछ है। ये कहते ही बाबिल फूट-फूटकर रोने लगे। रेडिट में पोस्ट किए गए इन वीडियोज के साथ दावा किया जा रहा है कि बाबिल ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए थे। हालांकि कुछ ही देर बाद ये वीडियो हटा दिए गए। इसी के साथ बाबिल का इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिया गया था। हालांकि रविवार शाम को उन्होंने इंस्टाग्राम पर वापसी कर दोबारा पोस्ट करना शुरू कर दिया है।

## परिवार ने जारी किया था ऑफिशियल स्टेटमेंट

वीडियो वायरल होने के बाद बाबिल खान की टीम और परिवार की तरफ से एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया गया है। स्टेटमेंट में कहा गया है, बाबिल मेंटल हेल्थ पर खुलकर बात करते रहते हैं। उन्हें भी कभी बुरा महसूस करने की आजादी है, ये भी उनका बुरा दिन था। हम सबको तसल्ली देना चाहते हैं वो अब सेफ हैं और जल्द ठीक हो जाएंगे। साथ ही स्टेटमेंट में कहा गया है कि बाबिल ने इंडस्ट्री या अर्जुन कपूर-अनन्या पांडे के लिए अपशब्द नहीं कहे, बल्कि वो उनकी तारीफ कर रहे थे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मानव मूल्यों से छात्रों को करते हैं पोषित : डॉ. अशोक चौहान

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा कैरियर प्लानिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रवेश लेने वाले सैकड़ों छात्रों और उनके अभिभावकों को प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ती आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।




एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान ने छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम हर छात्र को सफलता की एक कहानी बनाना चाहते है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ हम छात्रों में मानव मूल्यों को पोषित करते है। तेजी से बदलते इस वैश्विक परिवेश में छात्रो को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते है। डा चौहान ने कहा कि जब तक आप पूरी तरह से आश्वत ना हो जाये कि यह शिक्षण संस्थान आपके सपनो को नई उचांईया प्रदान करेगा या आपके लिए बेहतरीन है तब तक प्रवेश ना ले। उन्होनें कहा कि आज आप अपने अभिभावकों की प्रेरणा या मार्गदर्शन से यहा आये है यह उनके प्रति आपके प्रेम व आदर को लक्षित करता है आप जीवन में अवश्य सफल होगे।

एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने कहा कि हम छात्रों को वैश्विक नागरिक बनाने के लिए वैश्विक अनावरण प्रदान करते है जिसमें छात्रों कोएक्सचेंज प्रोग्राम, स्टडी अब्राड प्रोग्राम, इंर्टनशिप अब्राड, सेमेस्टर एक्सचेंज आदि अवसर मिलते है।

एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती, एमिटी विश्वविद्यालय के एडमिशन निदेशक मेजर जनरल भास्कर चक्रवर्ती ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर अभिभावकों और छात्रों ने कोर्स से संबधित कई प्रश्न किये जिनके उन्हे जवाब प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम में रितनंद बलवेद एजुकेशन फांउडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभय चौहान, स्ट्रैटजिक आपरेशन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमोल चौहान और एमिटी लॉ स्कूल के चेयरमैन डा डी के बद्योपाध्याय भी उपस्थित रहे।

# नोएडा प्राधिकरण ने खरीदे 10 हाईवा/ टिपर

## सीईओ ने हरी झंडी दिखाकर किया समर्पित



**नोएडा (चेतना मंच)।** विद्युत एवं यांत्रिकी खण्ड-प्रथम द्वारा जन स्वास्थ्य विभाग हेतु नोएडा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रतिदिन उत्सर्जित कूड़े के निस्तारण के लिए 10 वर्ष से अधिक पुराने हाईवा/ टिपरों के स्थान पर 10 नग नये टाटा मेक के हाईवा/ टिपर जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय किए गए हैं। उन टिपरों का इंश्योरेंस व रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण कराकर उक्त 10 नग नए हाईवा/ टिपरों को जनस्वास्थ्य विभाग को मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम तथा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, महाप्रबन्धक (वि0/यां0) आरपी सिंह एवं महाप्रबन्धक (जन-स्वास्थ्य) एस.पी. सिंह की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर समर्पित किया गया है।

उक्त टिपरों द्वारा नोएडा क्षेत्र के मुख्य मार्गा एवं सैक्टरों से निकलने वाला कूडा /मलवा को प्रतिदिन सैक्टर-145 डम्पिंग ग्राउण्ड तक पहुँचाया जायेगा। उक्त हाईवा/ टिपरों की एक बार में 10 टन कूडा /मलवा लोड किये जाने की क्षमता है।

# चुनावी रणनीतियों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा की बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, नोएडा महानगर द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 'वन नेशन, वन इलेक्शन' (एक राष्ट्र, एक चुनाव) जैसे महत्वपूर्ण विषय पर गहन चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावी रणनीतियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करना था।



बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव ओम शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसके दूरगामी लाभों के बारे में बताया। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने की। इस अवसर पर नोएडा जिलाध्यक्ष महेश चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की आने वाली योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई, जिनमे ग्राम चौपाल, जनजागरूकता अभियान, केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार, और स्थानीय स्तर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई।

बैठक में उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में मुख्तानंद शर्मा, इन्द्रज खटाना, दिनेश चौहान, अजय यादव, रोहित शर्मा, चरण सिंह प्रधान, विष्णु शर्मा, प्रदीप त्यागी, सर्वेश कुमार सिंह, लीलू अवाना, संजीव पटेल, चिरंजीवी, पी.के. त्यागी, अमित अवाना आदि शामिल रहे।

# 9 से 20 वर्ष की लड़कियों का किया जाएगा वैक्सीनेशन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़कियों को सुरक्षित रखा जा सके

## एमओयू साइन, 89 लाख रुपये होंगे खर्च



इस उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट के कार्यालय कक्ष में जिला प्रशासन व भारत सरकार टकसाल नोएडा के मध्य 89 लाख रुपए का एम.ओ.यू. साइन किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार टकसाल नोएडा द्वारा जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सुपरविजन में 09 से 20 वर्ष तक की लड़कियों का दो चरणों में वैक्सीनेशन किया जाएगा, पहले वैक्सीनेशन के बाद दूसरी वैक्सीन 6 महीने के बाद लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जो एमओयू भारत सरकार टकसाल नोएडा के मध्य हुआ है, इसके तहत जनपद की 9 से 20 वर्ष तक की 2500 लड़कियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे को नोडल अधिकारी तथा जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री को सहायक मॉडल अधिकारी बनाया गया है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, जिला रोजगार सहायक अधिकारी मनीषा अत्री, समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, भारत सरकार टकसाल नोएडा के मुख्य महाप्रबंधक डीपी तिवारी, जॉइंट जनरल मैनेजर प्रकाश कुमार, अनिला अग्रवाल व डिप्टी जनरल मैनेजर रेनू बसीन, हेमा उपस्थिति रही।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

# नोएडा में 44 केन्द्रों पर होगी सिविल सर्विसेज प्री परीक्षा

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद में आगामी 25 मई को दो पालियों में होने वाली सिविल सर्विसेज प्री परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचीता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शारदा विश्वविद्यालय नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपनी तैयारियां संघ लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुरूप परीक्षा से पूर्व पूर्ण कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि 44 परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है। डीएम ने यह भी कहा कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशेष जांच की जाए, ताकि कोई भी अभ्यर्थी उन्हें भीतर न ले जा सके और परीक्षा नकलविहीन हो।

इस अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नामित अधिकारी हरियल ने उपस्थित अधिकारियों को आयोग के मानकों के अनुरूप परीक्षा संचालन की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डीसीपी वर्णिका सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, समस्त सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में अवैध रूप से भूजल का न हो दोहन : डीएम




**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भूगर्भ जल अधिकारी अंकिता राय ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि विभागीय पोर्टल पर कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 4 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। वहीं 5 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद में भू-जल का संरक्षण करने के लिए औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, कमर्शियल तथा सामूहिक उपभोक्ताओं द्वारा भू-जल संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का परिसर में निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार के लिए की जा रही गतिविधियों के संबंध में सभी से रिपोर्ट प्राप्त की जाए और यदि अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करने के बावजूद उनके द्वारा वाटर रिचार्ज को लेकर यदि कोई गतिविधि नहीं की जा रही तो संबंधित का अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त की जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने भूगर्भ विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनपद में कहीं पर भी अवैध रूप से भूजल का दोहन न हो सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, प्राधिकरण, सिंचाई विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

